वर्ष 24, अंक 315, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 22 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आतंकी पालने वाले पाक ने स्कूल बस अटैक में उलटे भारत पर लगा दिया आरोप

**पाकिस्तान- भारत** ने पाकिस्तान के इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है कि उसने बलूचिस्तान में एक स्कूल बस को निशाना बनाकर एक घातक आत्मघाती बम विस्फोट की साजिश रची थी। भारत ने इस आरोप को इस्लामाबाद की अपनी विफलताओं से वैश्विक जांच को भटकाने का एक छलावा प्रयास बताया है। बुधवार की सुबह खुजदार शहर में हुए इस विस्फोट में कम से कम तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से आर्मी पब्लिक स्कूल में छात्रों को ले जा रही बस को टक्कर मार दी। भारत के विदेश मंत्रालय (टएअ) ने इस आरोप का कड़ा खंडन करते हुए जानमाल के नुकसान की निंदा की।

## छत्तीसगढ़ में 27 खूंखार नक्सलियों के ढेर होने पर बोले पीएम मोदी, हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व

**छत्तीसगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एक बड़े ऑपरेशन में शीर्ष सीपीआई-माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ ??बसवराजू सहित 27 माओवादियों के मारे जाने के बाद भारतीय सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और हमारे लोगों के लिए शांति और प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

इससे पहले दिन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है और उन्होंने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव बसवराजू भी शामिल हैं। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने महासचिव स्तर के किसी नेता को मार गिराया है। अमित शाह ने कहा कि बसवराजू नक्सली आंदोलन की रीढ़ थे।



उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़ में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा, "नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।"

उन्होंने कहा, "नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि एक महासचिव रैंक के नेता को हमारी सेना ने बेअसर कर दिया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।

यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## जासूसी कांड के बाद भारत का एक और एक्शन

### दानिश के बाद पाक उच्चायोग के एक और अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश

**नई दिल्ली : भारत** ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक और अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया है. इस पाक अधिकारी को 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश दिया है. भारत सरकार ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है.



भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी डी अफेयर्स को डिमार्शे जारी किया और ये सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी किसी भी तरह से अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का दुरुपयोग न करे.

**दानिश के बाद एक और अधिकारी को पाक जाने को कहा**

भारत सरकार ने इससे पहले पाकिस्तानी दूतावास में कार्यरत अधिकारी अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश को जासूसी गतिविधियों में शामिल होने के कारण 13 मई को देश छोड़ने का आदेश दिया था. दानिश का कनेक्शन पाकिस्तानी जासूस ट्रेवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के साथ था. ज्योति पाकिस्तान उच्चायोग में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुई थी.

**दानिश-ज्योति मल्होत्रा कनेक्शन**

साल 2023 में ज्योति मल्होत्रा की मुलाकात दानिश से हुई थी, जब वह पहली बार एक डेलिगेशन के साथ पाकिस्तान गई थी. भारत वापस आने के बाद भी ज्योति दानिश के संपर्क में थी. दानिश की सिफारिश के बाद उसने पाकिस्तान की दूसरी बार यात्रा की. जहां उसकी मुलाकात अली अहसान से हुई. अली ने ही ज्योति की पाकिस्तान में रहने और यात्रा की व्यवस्था कराई और उसे पाकिस्तानी खुफिया और सुरक्षा अधिकारियों जैसे शकीर और राणा शाहबाज से मिलवाया.

**भारत ने PAK के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद भारत ने ये फैसला लिया है. इस ऑपरेशन में भारत ने जैश, लश्कर और हिजबुल से जुड़े आतंकी ठिकानों को एयरस्ट्राइक में नेस्तनाबूद कर दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादियों की मौत हुई. पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक कदम उठाए थे। भारत ने दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में अधिकारियों की संख्या को कम करने का आदेश दिया था।

## रेल यात्रियों के लिए बड़ी सौगात 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**महाराष्ट्र**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी कल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जो भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। महाराष्ट्र में उद्घाटन किए जा रहे अमृत स्टेशनों के नाम आमगांव, चांदा फोर्ट, चिंचपोकली, देवलाली, धुले, केडगांव, लासलगांव, लोनंद जंक्शन, माटुंगा, मुर्तिजापुर



जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, परेल, सावदा, शहाड, वडाला रोड है। तमिलनाडु में जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया जा रहा है वे हैं: चिदम्बरम, कुलितुरई, मन्नारगुडी, पोलूर, सामलपट्टी, श्रीरंगम, सेंट थॉमस माउंट, तिरुवन्नामलाई, वृद्धाचलम जंक्शन। उत्तर प्रदेश में जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया जा रहा उनमें बलरामपुर, बरेली शहर, बिजनोर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जं., इज्जतनगर, करछना, मैलानी जं., पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर जं., सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, उझानी शामिल है।

गुजरात में उद्घाटन किए जा रहे अमृत स्टेशनों में डाकोर, डेरोल, हापा, जामवंतली, जामजोधपुर, कनालूस जंक्शन, करमसद, कोसांबा जंक्शन, लिंबडी, महुवा, मीठापुर, मोरबी, ओखा, पालिताना, राजुला जंक्शन, सामाखियाली, सिहोर जंक्शन, उतरान शामिल हैं।

## मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से होगा मुक्त -अमित शाह



**छत्तीसगढ़**

**भाकपा** (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ ??बसवराजू बुधवार को अबूझमाड़ जंगल में हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया कि बसवराजू बुधवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 27 माओवादियों में शामिल था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बसवराजू माओवादी आंदोलन की रीढ़ था। शाह ने एक्स पर लिखा कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। शाह ने आगे लिखा कि नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ।

उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## सांसदों के प्रतिनिधिमंडल पर संजय राउत ने फिर उठाया सवाल

**महराष्ट्र**

**शिवसेना** (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को भारत द्वारा वैश्विक समुदाय तक कूटनीतिक पहुंच बनाने को केंद्र द्वारा ध्यान भटकाने और पहलगाम में हुई चूक पर कठिन सवालों का सामना करने से खुद को बचाने के लिए एक प्रयोग और ध्यान भटकाने की रणनीति करार दिया। इस चूक के कारण 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई



इसमें रणनीतिक स्पष्टता का अभाव

थी। आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुट लड़ाई के मद्देनजर शिवसेना (यूबीटी) नेता की विवादास्पद टिप्पणी से बड़ा राजनीतिक हंगामा मचने वाला है। संजय राउत ने कहा कि दुनिया भर के 33 देशों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कुछ भी ठोस परिणाम नहीं देगा, क्योंकि इसमें फोकस और उद्देश्य का अभाव है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अफ्रीकी और यूरोपीय देशों की यात्रा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों को दूर करने में वे क्या उद्देश्य पूरा करेंगे और पाकिस्तान को उसकी धरती से संचालित हो रहे आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों के बारे में बताने में उनके बयानों का क्या प्रभाव पड़ेगा।

राउत ने सवालिया अंदाज में कहा कि उन देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने की क्या जरूरत है जिनका भारत और पाकिस्तान के मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है?

## कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन, जांच जुटी सेना और पुलिस

**कोलकाता**

**कोलकाता** के आसमान में ड्रोन जैसी कई वस्तुएं उड़ती देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को हेस्टिंग्स क्षेत्र, विद्यासागर सेतु और मैदान के ऊपर कम से कम 8-10 ड्रोन संदिग्ध वस्तुएं उड़ती देखी गईं। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा है। केंद्र सरकार ने इस घटना पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु तिवारी ने एक बयान में कहा कि कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की रिपोर्ट मिली है और फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। इस घटना की सत्यता का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। तथ्यों के सामने आने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। इस बीच, मीडिया से अटकलों से बचने का आग्रह किया जाता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ड्रोन जैसी दिखने वाली इन उड़ती हुई वस्तुओं को सबसे पहले हेस्टिंग्स पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने देखा।

## पायल घोष ने तुर्की यात्रा की रद्द, कहा- पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं चल सकते

**मुंबई। एक्ट्रेस** पायल घोष ने अपनी तुर्की यात्रा को रद्द करने के कारणों का खुलासा किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। दरअसल, भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद तुर्की और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसी वजह से भारतीयों में तुर्की के प्रति नाराजगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते', पायल ने कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने बताया कि उन्हें 30 लाख रुपये का अच्छा ऑफर मिला था, फिर भी उन्होंने तुर्की जाने से साफ इन्कार कर दिया। आईएएनएस से बातचीत में पायल घोष ने कहा, "पैसा देश की इज्जत और गर्व से ऊपर नहीं हो सकता।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस के सीनियर नेता ने उठाए सवाल, फडणवीस बोले- मूर्खों को क्या कहा जा सकता है?

**महराष्ट्र - कांग्रेस** नेता विजय वडेट्टीवार ने बुधवार को केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद भारतीय सेना को कोई नुकसान हुआ या कोई हताहत हुआ, इस बारे में सरकार पारदर्शी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को हुए किसी नुकसान को लेकर 'सवाल उठाए जा रहे हैं' और कहा कि उन्होंने सुना है कि पाकिस्तान ने सस्ते चीन निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया जबकि भारत ने महंगी मिसाइलों से जवाब



दिया। वडेट्टीवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'ऐसी चर्चा है कि उन्होंने (पाकिस्तान ने) 5,000 चीन निर्मित ड्रोन लॉन्च किए और प्रत्येक ड्रोन की कीमत 15,000 रुपये थी। 15,000 रुपये के प्रत्येक ड्रोन को नष्ट करने के लिए हमने 15 लाख रुपये की मिसाइलें लॉन्च कीं। यह चीन की चाल का हिस्सा था।

## पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास जाओ...

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकताओं को पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से संपर्क करना चाहिए। यह मामला जज के घर पर जली हुई नकदी मिलने के दो महीने बाद आया है। उपराष्ट्रपति ने पहले एफआईआर दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाए थे और त्वरित जांच की मांग की थी।

न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश



ने न्यायमूर्ति वर्मा के जवाब के साथ इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट पहले ही राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी है। पीठ ने कहा कि चूंकि याचिकाकताओं ने कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष अभिवेदन दायर नहीं किया है, इसलिए परमादेश की मांग करने वाली रिट याचिका विचारणीय नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिका में उठाई गई अन्य राहतों - जैसे कि इन-हाउस जांच प्रक्रिया निर्धारित करने वाले वीरस्वामी फैसले पर पुनर्विचार पर वर्तमान चरण में विचार करने की आवश्यकता नहीं है। याचिका अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और तीन अन्य ने दायर की है। जैसे ही मामला लिया गया, न्यायमूर्ति ओका ने नेदुम्परा से कहा, एक इन-हाउस जांच रिपोर्ट थी। इसे भारत के राष्ट्रपति और भारत के प्रधान मंत्री को भेज दिया गया है। इसलिए मूल नियम का पालन करें। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को कार्रवाई करनी होगी। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि आप दाखिल नहीं कर सकते। आप रिपोर्ट की विषय-वस्तु नहीं जानते। हम भी उस रिपोर्ट की विषय-वस्तु नहीं जानते। आप उनसे कार्रवाई करने का आह्वान करते हुए एक अभिवेदन प्रस्तुत करें। यदि वे कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आप यहां आ सकते हैं, । नेदुम्परा ने तब वीरस्वामी फैसले पर सवाल उठाया जिसके आधार पर आंतरिक जांच की गई थी और कहा कि फैसले पर फिर से विचार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, अंततः, आपकी मुख्य प्रार्थना यह है कि संबंधित न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि कृपया परमादेश रिट की मांग करते समय आधार नियम का पालन करें।

## वक्फ इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं, सिर्फ दान है, सुप्रीम कोर्ट में सरकार की दलील

**नई दिल्ली- केंद्र** ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह धर्म का अनिवार्य या अनिवार्य हिस्सा नहीं है। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ कानूनों की वैधता और कार्यप्रणाली को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुनवाई के दौरान यह दलील दी। मेहता ने पीठ से कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि दान सभी धर्मों की विशेषता है। यहां तक कि ईसाई भी इसका पालन कर सकते हैं। हिंदू




धर्म में दान की एक संरचित प्रणाली है। सिख समुदाय भी इसी तरह की प्रथाओं का पालन करता है। वक्फ संस्थाओं के एक सदी से भी पुराने होने के दावों का खंडन करते हुए मेहता ने कहा, "हमें 100 साल पहले की संपत्ति के दस्तावेज कहां मिलेंगे? यह गलत तरीके से पेश किया जा रहा है कि इस तरह के दस्तावेज कभी जरूरी नहीं थे।

# खेल-कूद से आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द की भावना उत्पन्न होती है : विजमा यादव

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** विगत छः दिनों से रात्रि में चल रहे सूरजपट्टी प्रीमियर लीग रुल आउट नाईट टूनार्मेंट का समापन मंगलवार रात्रि में हो गया। टूनार्मेंट मैच में विधायक प्रतापपुर विजमा यादव पहुंचीं और खिलाड़ियों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल-कूद से आपसी भाईचारा प्रेम सौहार्द की भावना उत्पन्न होती है एक साथ खेलने से भेदभाव भी समाप्त होता है साथ ही खेल से अनुसाशन शैली भी विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि अभयराज यादव ने खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलने की नसीहत देते हुए कहा विपक्षी खिलाड़ी को कभी अपना दुश्मन नही समझना चाहिए खेल में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए ईर्ष्या नही। 15-20 मई तक चले इस 8 ओवर के नाईट क्रिकेट मुकाबले में 16 टीमों ने हिस्सा लिया, फाइनल मुकाबला 20 मई की रात्रि में हुआ जिसमें एसआरके 11 प्रयागराज की टीम और फैजान 11 वाराणसी की टीम ने फाइनल मुकाबला हुआ, और फैजान 11 वाराणसी की टीम ने फाइनल मैच जीता। विजेता, उप विजेता टीम एवं मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज को भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा मौर्य ने एवं अन्य अतिथियों ने कप, मेडल, पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर राजा मौर्य ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार जताते हुए इस सुंदर आयोजन हेतु बधाई दिया और आयोजकों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समापन दिवस पर बबलू सिंह, कमल पटेल, देशराज पटेल, राम आसरे यादव, बलराम यादव प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति में कृष्णमूर्ति, रामबाबू पाल, विजय यादव, बबलू बजती, कृष्णा यादव, अश्विनी सिंह बादल ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। सहयोगियों में देवेंद्र बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, अभिनव, दान बहादुर यादव, रुद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, अनिल यादव, पप्पू ब्रेटली, फूलचंद्र सरोज, सुरेंद्र सिंह, कन्हैया ठेकेदार, चंद्रभान सिंह, निगम सिंह, संजय सेठ, पवन, उधम, राना, माता प्रसाद, महेंश, सचिन, रवि, भुपेंद्र, अभिषेक, गौरव, शिवबाबू, दिनेश, रामपूजन, राम सिंह, अनूप सिंह, शिवशंकर सिपाही, मोहित सिंह, गोकुल, राकेश मास्टर, भगत सिंह, अरविंद पाल, संजय, गुनराज, कृपाशंकर, अमित सिंह, श्याम, विजय पीएससी, विनेष सिपाही, पिंटू सिंह, राकेश यादव छतौना, मदन, सत्यनारायण, मूलचंद बीडीसी, चंद्रप्रकाश, कामता प्रसाद निराला, धर्मराज सिंह, हंसराज सिंह, चंद्रभान सिंह, राजकुमार लाला, राजकुमार, बबलू, राजेश यादव कल्लू, गुलाब, एलबी यादव, राहुल पांडेय कोटेदार सहित तमाम लोग शामिल रहे।





सूरजपट्टी प्रीमियर लीग रुल आउट नाईट टूर्नामेंट के समापन पर उपस्थित अतिथिगण व पुरस्कृत विजेता टीम के खिलाड़ी

## लंबित मुकदमे का होगा शीघ्र निस्तारण



बार बेंच की बैठक में शामिल लोग

### बैठक के दौरान वादकारियों के हितों के बारे में चर्चाएं की गई

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के गठन के पश्चात मंगलवार को तहसील परिसर में बार बेंच की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वादकारियों के हितों के बारे में चचार्एं की गई। बार एसोसिएशन सोरांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वामिक एजाज फारूक तथा महामंत्री राजेश शुक्ला की अगुवाई में आयोजित बैठक में एसडीएम एलएल सैनी तथा तहसीलदार राजेश कुमार पाल भी मौजूद रहे। अध्यक्ष फारूकी ने कहा कि तहसील के अधिकारी तथा कर्मचारी नियमित रूप से मौजूद रहे और न्यायालय' संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस मौके तहसील के कई अधिकारी कर्मचारी व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सहसों।** विकास इंटर कॉलेज कसेरुवा कला सहसों के प्रांगण में हाई स्कूल एवं इंटर में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पधारे नामचीन कवियों ने अपने काव्य पाठ से जहां लोगों को मंत्रमुग्ध किया वहीं अपनी संदेश परख रचनाओं से बच्चों को मार्गदर्शन देने का भी काम किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ के द्वारा मां सरस्वती एवं अंबेडकर जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके कवियों को सम्मानित किया गया। कवियों में बायो वृद्ध कवि लाल जी देहाती, नजर इलाहाबादी, कमलेश कमल, अमित आभास एवं कवि संयोजक धनंजय शाश्वत ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर मेधावी छात्रा तनु तिवारी, वैशाली सिंह, शिवांगी मिश्रा, शौर्य सिंह, मोनिका पटेल, अनु विश्वकर्मा, शीलू सिंह, श्रुति सिंह, नंदिता पाण्डेय, रिया सिंह, शिवानी पटेल, वैष्णवी मिश्रा, अंशिका सिंह संध्या रानी, अदिति पाण्डेय, रोली पाल सहित पचास से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य अरविन्द चतुवेर्दी, अरुण पाण्डेय, शिवलाल यादव, लाल बहादुर पाल, डा वाहिद सहित तमाम शिक्षक एवं कॉलेज के बच्चे उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक डा. जगन्नाथ पाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आये हुए सभी अतिथियों एवं कवियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** भारत के छठवें पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, कंप्यूटर क्रांति के जनक और आधुनिक भारत के सूत्रधार राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर बुधवार को भारद्वाज गुरुकुलम रुदापुर के प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर-के भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि स्व. राजीव गांधी गरीबों, शोषित, वंचितों और पिछड़ों के मसीहा थे। वह दूरदर्शी सोंच, विनम्र व्यक्तित्व के धनी सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। स्वर्गीय राजीव गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। और हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। स्वर्गीय गांधी की 21 मई 91 को कुछ सिरफरों और आतंकवादी तत्वों ने उनकी हत्या मद्रास में कर दी थी। स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर हम उनके द्वारा देश के विकास और कार्यों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। और उनके अधूरे कामों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से संजय शर्मा, विनय कुमार, श्याम कुमार धुरिया, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, कृष्णानंद मिश्रा, विपुल शुक्ला एवं शिवम सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।

## प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय शिवगढ़ प्रथम व बाहर सराय में समर कैंप का भव्य शुभारंभ




शिवगढ़ स्कूल में समर कैंप में शामिल बच्चे व शिक्षकगण



बाहर सराय स्कूल में कैंप का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को जीवन्त रूप देने के उद्देश्य से प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय शिवगढ़ प्रथम तथा सराय बाहर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप 2025 का शुभारंभ ग्राम प्रधान बाहर सराय मनोरमा देवी तथा ग्राम प्रधान शिवगढ़ संजय यादव ने किया।

ग्राम प्रधान मनोरमा देवी तथा संजय कुमार यादव ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के नवाचारों में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि गाँव का समुचित विकास, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही संभव है।

समर कैंप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा व एआरपी रीता शर्मा की प्रेरणा से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके उपरांत योग सत्र में बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार जैसे कई योगाभ्यास किए, जिसका निर्देशन रीता शर्मा (एआरपी) तथा नोडल अधिकारी विजय प्रकाश गुप्ता द्वारा किया गया। बच्चों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्सी कूद, लूडो व कैरम जैसे इनडोर-आउटडोर खेलों में भाग लेकर अपने अंदर छुपी हुई कौशल को बाहर निखारा। हमारी सांस्कृतिक विरासत के तहत (एआरपी) रीता शर्मा द्वारा ₹बीरबल की चतुराई₹ और ₹खीर किसने बनाई₹ जैसी रोचक कहानियाँ भी सुनाई गईं। डीएलएड प्रशिक्षु काजल केसरवानी द्वारा बच्चों को लोकनृत्य ह्वतेरी मिट्टी में मर जावांह्व सिखाया गया, जिससे बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। डिजिटल कौशल विकास सत्र में रीता शर्मा द्वारा शैक्षणिक ऐप्स के माध्यम से बच्चों से फलों की जोड़ी मिलाओ जैसी पजल बनवाई गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने हेतु ₹मैं समाज के लिए क्या कर सकता हूँ₹, ग्राम स्वच्छता अभियान, मेरे अधिकार और कर्तव्य जैसे विषयों पर संवाद सत्र भी आयोजित किए गए। प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह और इंचार्ज प्रधानाध्यापिका डोला बनर्जी की कुशल नेतृत्व क्षमता, संवेदनशील निर्देशन और बच्चों में नवाचार के प्रति जागरूकता ने इस समर कैंप को एक आदर्श प्रारूप में परिवर्तित कर दिया। उनका शैक्षिक समर्पण वास्तव में प्रेरणादायी है। एआरपी रीता शर्मा का नवाचारी निर्देशन, अनुशासन व बच्चों में रुचि जागृत करने की कला, समर कैंप की विशेष उपलब्धि रही। उन्होंने न केवल सत्रों का संचालन किया, बल्कि सहयोगी शिक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों को भी प्रेरित किया। इस मौके पर अनामिका सक्सेना, अर्चना आनंद, इंदु मौर्य, संगीता त्रिपाठी, यासमीन फातिमा, प्रज्ञा राय, तथा शिक्षा मित्र चंद्रशेखर पटेल (प्रा. वि. शिवगढ़) व श्वेता शुक्ला (प्रा. वि. नारायणपुर) मोना त्रिपाठी, प्रतिभा विश्वकर्मा ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।

## नदी में डूबने से किशोर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



किशोर की मौत के बाद जुटी लोगों की भीड़

**जारी।** थाना कौंधियारा के बेनीपुर गांव से कुछ दूरी पर टोंस नदी में नहाने समय एक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अंकित निषाद पुत्र संजय और अंश पुत्र राजकुमार दोनों ही गांव के पास नदी मे नहा रहे थे। नहाने के दौरान दोनों का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले गए। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच कर नदी में बालक के शव की खोजबीन करने लगे और काफी मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों को ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जब शव का पोस्टमार्टम कराना चाहा तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ मना कर दिया।

## सुजौना विद्यालय के शिक्षक शत्रुंजय शर्मा नेशनल मेंटर बनाए गए

### नेशनल मेंटर मिशन के अंतर्गत शिक्षकों को करेंगे प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश



शिक्षक शत्रुंजय शर्मा

**जसरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा-प्रयागराज के शिक्षक शत्रुंजय शर्मा को भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने देश भर के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए नेशनल मेंटर के रूप में नियुक्त किया है। भारत सरकार द्वारा एनईपी 2020 के अंतर्गत गठित नेशनल मेंटर मिशन के अंतर्गत वह विभिन्न विषयों पर देश भर के शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा पत्र जारी कर उन्हें इसकी जानकारी दी गई है। विभिन्न राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे चुनिंदा शिक्षकों को नेशनल मेंटर के रूप में चुना गया गया है। इन शिक्षकों को समय समय पर शिक्षकों को आफलाइन व आनलाइन प्रशिक्षण, कार्यशालाओं में प्रतिभाग कर शिक्षकों को मेंटरशिप प्रदान करने का अवसर दिया जाएगा। शत्रुंजय शर्मा इसके पहले 2019 में राष्ट्रीय स्तर के निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम में टेक्निकल कोऑर्डिनेटर तथा डिस्ट्रिक्ट एडमिन के रूप में कार्यरत रहे हैं। इसके बाद 2020 से राज्य परियोजना कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे हैं।सीमैट प्रयागराज में अनेक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर, अनुश्रवणकर्ता के रूप में तकनीकी सेवाएं दे चुके हैं। शत्रुंजय शर्मा ने कहा कि इस नए दायित्व के साथ देश भर के शिक्षक साथियों से जुड़कर नई चीजें सीखने-सिखाने का अवसर मिलेगा। साथ ही शिक्षकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित करने का भी अवसर मिलेगा।नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम) प्रोग्राम के तहत उन्हें डिजिटल शिक्षा, व्यावसायिकता और नैतिकता, 21वीं सदी के कौशल, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, डिजिटल शिक्षा साक्षरता, भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे डोमेन के लिए मेंटर के रूप में चुना गया है। इनकी भूमिका मेंटीज को मार्गदर्शन, सलाह, प्रतिक्रिया और सहायता प्रदान करना है। मेंटरिंग सत्र एक समर्पित एनएमएम पोर्टल के माध्यम आयोजित किए जाएंगे। आशा व्यक्त की है कि इनकी प्रतिबद्धता और मार्गदर्शन स्कूल शिक्षकों के पेशेवर विकास में सार्थक अंतर लाएगा, जिससे अंततः छात्रों के सीखने के परिणामों में वृद्धि होगी। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, डीसी एमडीएम राजीव त्रिपाठी, डीसी ट्रेनिंग अभिनव सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने प्रयागराज का नाम रोशन करने पर बधाई दी हैं। जय सिंह, शशिकांत मिश्रा, प्रभाशंकर शर्मा, अंतरिक्ष शुक्ला, अरूण शुक्ल श्यामाकांत द्विवेदी, भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाज़िया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, जितेन्द्र कुमार शर्मा, शिशिर जायसवाल, अरविंद कुमार सिंह, अमरदीप चौधरी, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्ता ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## कौंधियारा में समर कैंप का भव्य शुभारंभ



समर कैंप में शामिल बच्चे

अखंड भारत संदेश

**जारी।** बुधवार को कंपोजिट विद्यालय पंवर, कौंधियारा, प्रयागराज में समर कैंप का भव्य शुभारंभ किया गया। नोडल अब्दुल अलीम और शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति में प्रधानाध्यापिका सविता शर्मा ने फीता काट कर समर कैंप का शुभारंभ किया। तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन और श्वास अभ्यास कराया गया। साथ ही साथ बच्चों को जंपिंग जैक, बाल पास गतिविधि के साथ स्वच्छता और समर कैंप में तीन सप्ताह में होने वाली गतिविधियों एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समर कैंप में प्रमुख रूप से ललित कुमार, नसरीन शाहीन, विकास चन्द्र मौर्य, रविकला सिंह, अब्दुल अलीम, परशुराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जसरा में तेज आंधी पानी से नीम का पेड़ धराशाई, बाल बाल बचा सो रहा परिवार

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** जसरा के बुदांवा गांव में आंधी से नीम का पेड़ धराशाई होकर गिर गया। वहीं घर के बाहर सो रहे लोग बाल बाल बच गए।

बुधवार की भोर में लगभग 3:00 बजे अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया। तेज हवा चलने लगी। राजेश पटेल अपने पूरे परिवार के साथ घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। तेज आंधी से अचानक नीम का पेड़ तेज आवाज के साथ जोर-जोर से झूमने लगा। घर के बाहर चारपाई पर सो रहे राजेश पटेल, इंद्रासा देवी, फूल कली, कमला पटेल, सोनम पटेल, गोपी पटेल, नीलम पटेल, रेशमा पटेल सभी लोग घर के बाहर सो रहे थे। अचानक विशालकाय पेड़ तेज हवा के चलते भर भराकर गिर गया। तेज आवाज सुनकर दरवाजे पर सो रहे सभी जान बचाकर भाग खड़े हुए। जिससे किसी को भी चोट नहीं आई। वहीं पेड़ में दबकर एक मोटरसाइकिल, एक तीन पहिया मालवाहक, कुट्टी मशीन, मकान में लगा दरवाजा दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। आस पास के लोगों ने पेड़ गिरने की आवाज सुनकर इकट्ठा हो गये। सुबह लोगों ने पेड़ काटकर बाइक, तिपहिया मालवाहक, कट्टी काटने की महीन सहित अन्य सामान हटवाया।

## शिक्षा इंसान के जिंदगी में बहुत जरूरी है हर कोई अपने बच्चों को शिक्षित करें : मौलाना

### मौलाना अब्दुल गफ्फार सलफी ने कयामत के बारे में विस्तार से बयान किए

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा ।** छोटे छोटे स्कूलों और मदरसों से बच्चे पढ कर बडे बडे स्कूलों में शिक्षित होने जाते हैं।हर मां बाप की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करे। उक्त बातें दिल्ली से आए मौलाना कमाल उद्दीन ने मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में आयोजित 74 वां जमीअते अहले हदीस के जलसे में कही। उन्होंने ने फरमाया कि अल्लाह के पाक रसूल पर सबसे पहले कुरान में यह आयत नाजिल हुई (इकरा ) पढो। यानि दीनी दुनियावी तालीम बहुत जरूरी है। अगर अपके पास पैसे नहीं है तो बच्चों को तमाम स्थानों पर खुले स्कूलों में दाखिला कराओ।वह आगे चल कर डाक्टर इंजीनियर वकील बनेगा जैसे दिन रात नहीं एकत्रित हो सकते वैसे एक शिक्षित और गैर शिक्षित के मिजाज में फर्क हो जाता है। इसके बाद मौलाना अब्दुल गफ्फार सलफी ने एकत्रित भीड से कयामत की दस निशानियां बतायी। जिसमें आज कल के बच्चे सोशल मीडिया पर गंदी तस्वीरें डाल रहे हैं ताकि उन्हें लाइक मिले।ऐसे लडके लडकियां अपने परिवार और समाज के दुश्मन हैं। मौलाना ने ऐसे घृणित कार्य से नौनिहालों को बचाने की अपील की है। मौलाना अब्दुल गफ्फार ने कयामत की दस निशानियों को विस्तार से बताए। इसके पूर्व मौलाना उमैर कमाल ने रसूल पाक की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहे कि वह दुनिया के लिए एक आइडिल थे। जलसे की अध्यक्षता मौलाना अशफाकुलरहमा संचालक मौलाना शफीकुल रहमान ने की अन्त में मौलाना ने मुल्क की तरक्की और अमन चैन शंति की दुआ करायी। जलसे में बडी संख्या में लोग मौजूद थे।



जलसे में शामिल लोग



जलसे में लोंगों को संबोधित करते मौलाना

# नैनी में नर्सरी स्टूडेंट की मौत : दो महिला टीचर जेल पहुंचीं, थप्पड़ मारने से बेहोश हुआ था

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र में स्कूल के अंदर 3 साल के बच्चे की मौत का मामला, पुलिस ने गैर इरादातन हत्या के मामले मे स्कूल की दो टीचरों को किया गिरफ्तार, पूछ ताछ मे टीचर ने बताया की शैतानी करने से मना करने पर उसको पीटा था, और बच्चा गिर कर बेहोश हो गया था, छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने दो शिक्षिकाओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह गिरफ्तारी क्लास के बच्चों और मृतक छात्र के बड़े भाई के बयान के आधार पर किया है। नैनी थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बृहस्पतिवार सुबह नर्सरी के मासूम छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर के कई अंगों में चोट के निशान पाए गए। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने विद्यालय की दो शिक्षिकाओं पर मासूम को पीटने का आरोप लगाया था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। पुलिस ने इसी स्कूल में पढ़ने वाले मृत मासूम छात्र के बड़े भाई और क्लास के अन्य बच्चों के बयान के आधार पर विद्यालय की दो शिक्षिकाओं आरती जायसवाल (40) और शिवांगी जायसवाल (25) निवासीगण महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में शिक्षिका आरती जायसवाल ने बताया कि 15 मई को वह कक्षा 7 में पढ़ा रही थीं। तभी समय सुबह करीब नौ से 10 के बीच में शिवांगी जायसवाल ने अपने क्लास रूम में बुलाया गया। जब वहां पहुंची तो देखा कि नर्सरी क्लास का एक छात्र रो रहा है। जिसके बगल में उसका भाई भी था। जिसे शिवांगी जायसवाल ने रोने के बावजूद भी गाल पर थप्पड़ से मार रही थी। पूछने पर शिवांगी जायसवाल ने बताया गया कि यह बच्चा गाली दे रहा है। जैस पर मुझे भी गुस्सा आ गया तो मैंने भी दो चार थप्पड़ उसे मार दिया। इसी बीच उसके भाई ने हम लोगों को मारने के लिए रोका, लेकिन शिवांगी और मैं उसकी बात न मानकर उसे एक दो थप्पड़ और मार दिए। 10 मिनट बाद बच्चा बेंच से रोति हुए गिर गया। यह देखकर उसका भाई रोने लगा। मासूम छात्र बैंच से गिरने के बाद पानी मांग रहा था और लंबी सांसें ले रहा था। इसके बाद फोन करके बच्चे के माता- पिता को सूचना दी गई।



पुलिस गिरफ्त में महिला अध्यापक

## मानव शर्मा आत्महत्या मामले में सास व साली को राहत, हाईकोर्ट ने मंजूर की जमानत अर्जी

**प्रयागराज।** टीसीएस के चर्चित रिक्रूटमेंट मैनेजर मानव शर्मा आत्महत्या मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी है। जेल में बंद मानव शर्मा की सास पूनम शर्मा और साली को अदालत से राहत मिल गई है। इन दोनों ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर ली। बता दें कि मानव शर्मा ने 24 फरवरी 2025 को आगरा की डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में 28 फरवरी को सदर बाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।इससे पहले 12 मार्च को हाईकोर्ट ने आरोपी सास, ससुर और दोनों सालियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। चारों आरोपियों ने एफआईआर रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# माफिया अतीक के अधिवक्ता विजय मिश्रा को मिली पैरोल, 26 मई तक रहेगा बाहर

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के अधिवक्ता विजय मिश्र को हाईकोर्ट से पेरोल मिल गई है। माता के निधन के बाद विजय मिश्रा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अर्जी दाखिल करके त्रयोदशाह एवं कर्मकांडों में हिस्सा लेने के लिए पेरोल देने का आग्रह किया था। जिस पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने 26 मई तक उसकी पेरोल मंजूर की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने दिया। अदालत ने कहा है कि पेरोल के दौरान पुलिस कस्टडी में खुद के खर्च पर बाहर रहना होगा।

माफिया अतीक अहमद का वकील विजय मिश्र इटावा जेल में बंद है। गत दिनों उसका जेल ट्रांसफर कर दिया गया था। बता दें कि माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद अतरसुइया थाने में एक फर्नीचर व्यवसायी ने विजय मिश्र के खिलाफ तीन करोड़ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में 31 जुलाई 2023 को उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय कारागार नैनी भेज दिया था।जिला जेल के संचालन के बाद विजय मिश्र को इसमें ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने विजय मिश्र की हिस्ट्रीशीट भी खोली गई थी। पुलिस का दावा था कि वह लखनऊ में माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति की डील करने गया था, इस दौरान उसे गिरफ्तार किया गया था। बीते अक्तूबर में अधिवक्ता विजय मिश्र से जिला जेल में मिलने उसका भांजा उत्कर्ष द्विवेदी निवासी कसारी, थाना नवाबगंज कुछ लोगों के साथ पहुंचा था। जेल में उसने प्रवेश के लिए बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। जेल के सिपाही सुमित कुमार व अन्य कर्मचारियों से उसका विवाद हुआ था।



अधिवक्ता विजय मिश्र

## मिष्ठान व्यवसायी के आकस्मिक निधन पर शोक, दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** सहसों बाजार निवासी होरीलाल बटुक प्रसाद एंड संस मिष्ठान भंडार फर्म के मालिक व्यवसायी रामबाबू मोदनवाल लगभग 58 वर्षीय का बुधवार की तड़के सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से बाजार के व्यवसायियों एवं अन्य लोगों में शौक की लहर दौड़ पड़ी। जानकारी होते ही सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल सहित अन्य संभ्रांत व्यक्तियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजन पुत्र अंकित भाई श्याम बाबू भतीजे दीपू, सक्षम, काजल एवं शिव बाबू गुप्ता, प्रहलाद एवं संजय मोदनवाल को सांत्वना देते ढांढस बंधाया तथा शोक जताते भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर भाजपा नेता अनिरुद्ध सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, टी एन सिंह, राजधर द्विवेदी, भूपेंद्र मिश्रा, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, शिव बाबू केसरवानी, गणेश केसरवानी, सोहनलाल केसरवानी, शिवम केसरवानी, विजय कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, संतोष केसरवानी सहित आदि लोग श्रद्धांजलि देते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# फौजी की पत्नी का सुसाइड, कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली, मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** न्यू कैंट कॉलोनी में एक फौजी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सुष्मिता घोष (25) के रूप में हुई है। वह अपनी छोटी बच्ची के साथ न्यू कैंट कॉलोनी में रहती थीं। उनके पति आशीष कुमार घोष सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में बाहर ड्यूटी पर हैं।पुलिस को मंगलवार शाम को घटना की सूचना मिली। कैंट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की जांच की। जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने कमरे को सील कर मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल सबूत कब्जे में ले लिए हैं।पुलिस के अनुसार, मृतका का मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। इससे यह पता लगाया जाएगा कि आत्महत्या से पहले किसी से बातचीत हुई थी या कोई मानसिक दबाव था।परिवार के सदस्य भी नहीं जानते कि सुष्मिता ने यह कदम क्यों उठाया। पड़ोसियों के मुताबिक, सुष्मिता शांत स्वभाव की थीं और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करती थीं।पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मौत की सटीक वजह का पता चलेगा। जरूरत पड़ने पर परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की जाएगी।



मौत के बाद जांच पड़ताल करने पहुंची टीम

## अब 16 कोच के साथ ताज नगरी की यात्रा कराएगी वंदे भारत

**प्रयागराज।** संगम नगरी से ताज नगरी और बाबा विश्वनाथ की नगरी कोशी को जोड़ने वाली वंदे भारत में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की आगरा कैंट-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस (20176/20175) 29 मई से 16 कोचों के रेक के साथ संचालित होगी। यह सेमी-हाईस्पीड ट्रेन, जो पहले आठ कोचों के साथ चल रही थी, यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोचों की संख्या दोगुनी कर दी गई है। इस ट्रेन का संचालन 15 अगस्त 2023 से शुरू हुआ था, और अब यह विस्तार अधिक यात्रियों को इसकी आधुनिक और तेज सेवा का लाभ देगा। एनसीआर की जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रागिनी सिंह ने कहा, "16 कोचों के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर, प्रयागराज और बनारस के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक सीटें और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।"

# बच्चों के कौशल विकास को निखारने हेतु उच्च प्रा. वि. मेजारोड में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर 21मई से 10 जून तक विकास खंड उरुवा के परिषदीय और जूनियर विद्यालयों में आयोजित होगा समर कैंप**

**मेजा।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर बुधवार उरुवा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजारोड में समर कैम्प का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में प्रथम सप्ताह की गतिविधियों के अनुसार बच्चों को योगाभ्यास की क्रियाएं, खेलकूद, बाधा रेस, कहानी वाचन व डिजिटल कौशल में विकास आदि जानकारी प्रदान की गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजारोड़ में कार्यरत मुकेश शुक्ला ने बताया कि परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक प्रतिदिन समर कैम्प सुबह 7 से 10 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त समर कैम्प में बच्चों के अभिभावकों की सहमति से ही प्रतिभाग कर सकते है। समर कैम्प के आयोजन की जिम्मेदारी विद्यालय के अनुदेशक एवं शिक्षामित्र को दी गई है। खेल में नौनिहालों के कौशल को निखारने के लिए परिषदीय विद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियों में बुधवार से जहां समर कैम्प की शुरूवात हो चुकी है। वहीं समर कैम्प के दौरान बच्चों ने भी खूब जमकर लुप्त उठाया और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के महत्व को भी बताया गया। विकास खंड उरुवा के लगभग सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान नवागन्तुक खंड शिक्षाधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है और समय-समय पर शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए जा रहे है।



समर कैंप में योग सीखते बच्चे



**निखरेगी बच्चों की प्रतिभा..**

ब्लॉक में समर कैम्प की तैयारी पूरी हो गई है। ऐसे आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरेगी तो उनका मानसिक विकास भी होगा। इस सम्बंध में ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापकों अनुदेशकों और शिक्षामित्रों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

**-वरुण मिश्रा**
**खंड शिक्षा अधिकारी**
**उरुवा प्रयागराज।**

# मांडा के मसौली में चार घंटे तक विद्युत टावर पर चढ़ा रहा संविदाकर्मी, मचा हड़कंप

**मांग पूरी होने का आश्वासन पर संविदाकर्मी टावर से नीचे उतरा**

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत मसौली में लगा विद्युत टावर पर विद्युत विभाग के संविदाकर्मी ने चिलचीलाती धूप में अपनी उत्पीड़न को बर्दास्त नहीं कर पाया और वह आत्म हत्या के लिए सुबह साढ़े दस बजे से टावर पर चढ़ गया। जिससे महकमे में हड़कंप मच गया। वही मौके पर अधीक्षण अभियंता व मांडा इंस्पेक्टर पहुंच पीड़ित संविदाकर्मी की बात को सुना और उनके मांगो को पूरा करने का आश्वासन देते हुए टावर से नीचे उतरने की बात कहां।

बुधवार को उल्दा गांव निवासी धर्मराज बिन्द पुत्र रमा शंकर ने दर्जनों संविदाकर्मियों से अवैध वसूली, निकालने की धमकी, मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न करने का एसडीओ पर आरोप लगाते हुए विद्युत उपकेंद्र के टावर पर चढ़ गया। जानकारी पर महकमे में हड़कंप मच गया। वही लगभग चार घंटे चिलचीलाती भीषण धूप में विद्युत संविदाकर्मी टावर पर चढ़ा रहा जब अधीक्षण अभियंता रविन्द्र पाल और मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह मौके पर पहुचे। संविदाकर्मी के मांगो पर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिए तब वह टावर से नीचे उतरने को तैयार हुआ। मांडा क्षेत्र के 400/132 केवीए उपकेंद्र मसौली में कार्यरत संविदाकर्मी को मनाकर तपते टावर से नीचे उतारा और बकाया मानदेय देने व आरोपों की जांच के बाद दोषी एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई तथा संविदाकार्मियों को नौकरी से न निकालने का आश्वासन मिलने पर मामला शान्ति हुआ।



टावर पर चढ़ा संविदा कर्मी

# भारतीय किसान यूनियन भानू का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले राष्टीय महासचिव डॉ.वी.के. सिंह की अगुवाई में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान कितनी भी मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हो,भ्रष्टाचारी बंद करो और किसान यूनियन जिंदाबाद समेत अन्य नारा लगाते हुए बालसन चौराहे से यूनिवर्सिटी रोड से होते हुए कचहरी डीएम कार्यालय तक पहुंचे । डीएम कार्यालय के बगल स्थित परिसर में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने का निश्चय किया । जिसमें भांगों की दुकानों पर गांजा पर रोक, बारा तहसील में खलिहान पर कब्जा हटवाने, रास्ता व नाले के ध्वस्तीकरण के बाद कब्जा, सोरांव, फूलपुर तथा बारा तहसील में अवैध बैनामे पर जांच के न्याय व लेखपालों द्वारा पैमाईश की गई जमीन पर पुनः पैमाईश पर जिम्मेदारी आदि मांगो को लेकर अड़े रहे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजकुमार पटेल ने कहा प्रशासन इतना बेपरवाह हो गया है कि उसे किसी का डर नहीं है। इसलिए आई दिन फर्जी व धोखाधड़ी होता रहता है। जबतक यह बंद नहीं होगा तब तक लड़ाई चलती रहेगी। संगठन मंत्री राकेश सिंह ने कहा आज किसानों की बात सुनने वाला कोई है। इसलिए धरना प्रदर्शन करना आवश्यक हो गया है। जो दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन चल रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, रूबी , सुख देव पटेल,मनोज कुमार , अंकेश पटेल,सतीश कुमार, कमलेश पटेल, राज कुमार, दिलीप पटेल, धीरेन्द्र कुमार राकेश पटेल समेत हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।



धरना पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता

# मंदिर की घंटी,अध्यात्म व विज्ञान का अद्भुत समन्वय : शांडिल्य दुर्गेश

**प्रयागराज।** सनातन धर्म में आस्था,विश्वास तथा गूढ़ व विज्ञान सम्मत जानकारी रखने वाले शांडिल्य दुर्गेश ने मंदिर की घण्टी व वर्तमान के साउंड थेरेपी में प्रभावी साम्य स्थापित करने का एक स्पष्ट प्रयास किया है। शांडिल्य दुर्गेश के अनुसार मंदिर की घंटी की मधुर ध्वनि जहाँ धार्मिक अनुष्ठानों में भक्ति भाव का जागरण करके एकाग्रता को बढ़ाता है, वहीं यह साउंड थेरेपी का एक शक्तिशाली उपकरण है,जो आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक,और वैज्ञानिक स्तर पर मानव जीवन को समृद्ध करती है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर वातावरण को शुद्ध करती है और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।आध्यात्मिक दृष्टि से,घंटी की ध्वनि ' शब्द ब्रह्म' का प्रतीक है,जो 'ॐ' की गूंज के समान है। यह शरीर के सात चक्रों अर्थात मूलाधार से सहस्त्रार तक को संतुलित करती है। विशेष रूप से,432 हट्‌र्ज की आवृत्ति आज्ञा और सहस्त्रार चक्रों को सक्रिय करती है,जो अंतर्ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं।यह भक्तों का ध्यान भगवान की ओर केंद्रित करती है। मनोवैज्ञानिक रूप से,घंटी की लयबद्ध ध्वनि तनाव और चिंता को कम करती है। यह मस्तिष्क की अल्फा और थीटा तरंगों को प्रोत्साहित करती है, जो ध्यान और विश्राम से जुड़ी हैं (शोध प्रकाशित- जर्नल ऑफ एडवांसड नर्सिंग)। यदि वैज्ञानिक रूप से देखें तो यह वैगस तंत्रिका को उत्तेजित करती है,हृदय गति को नियंत्रित करती है और कोर्टिसोल स्तर को कम कर सकती है (शोध प्रकाशित-फ्रंटीयर्स इन न्यूरोसाइंस)। यह जैव-क्षेत्र में सामंजस्य पैदा करती है, डीएनए मरम्मत और सेलुलर संचार को बढ़ाती है (शोध प्रकाशित- जर्नल ऑफ बायोफोटोनिक्स)। भौतिक विज्ञान के अनुसार, इसके रेजोनेंस और हार्मोनिक्स ऊर्जा हस्तांतरण को प्रोत्साहित करते हैं।पर्यावरणीय रूप से, यह उच्च-आवृत्ति ध्वनियों के माध्यम से बैक्टीरिया को प्रभावित करती है और वायु गुणवत्ता में सुधार करती है। ध्यान, योग और साउंड थेरेपी में घंटी की ध्वनि का उपयोग मानसिक शांति व एकाग्रता, भावनात्मक स्थिरता और शारीरिक स्वास्थ्य के दृष्टिगत लाभकारी है।यह हमारी आध्यात्मिक-सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत का अमूल्य व अभिन्न हिस्सा है,जो आधुनिक जीवन में शांति का स्त्रोत है।आज विश्व के अनेक देशों में मानसिक स्वास्थ्य हेतु साउंड थेरेपी का उपयोग करके उपचार देने का प्रचलन बढ़ा है,जो हमारी सनातन परम्परा के वैज्ञानिकता को प्रमाणित करता है।



शांडिल्य दुर्गेश

# तिरंगा यात्रा का उद्देश्य है सेना का सम्मान उनका शौर्य विजय के प्रति आम जनता का समर्पण : शैलेश पांडेय

**आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपरांत देश की सेना के सम्मान में मेजारोड चौराहे पर निकली गई तिरंगा यात्रा**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के बल पर पाकिस्तान को घुटनों पर लाने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के उपरांत पूरे देश में सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है, जिसके क्रम में बुधवार को मेजा मण्डल के अध्यक्ष शैलेश पांडेय के नेतृत्व में मेजारोड चौराहे से तिरंगा यात्रा निकाली गई, यात्रा में आम जनमानस ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। इस दौरान भारत माता की जय, जय जय हिंद की सेना ,हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों ने लोगों के अंदर जोश भर दिया। इस दौरान मेजा मंडल के अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य सेना का सम्मान करना है एवं उनके शौर्य और विजय के प्रति आम जनमानस का समर्पण है। इस मौके पर

कृष्णदास गुप्ता,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र , राजेश पाल प्रधान तेंदुआ, जयशंकर पांडेय, कमलेश मिश्रा, हिमांशु शुक्ल, विनय शुक्ल, संतोष दुबे, अमित शुक्ल, राजा अग्रवाल महेश तिवारी रविंद्र तिवारी, रामशंकर निषाद, रामशंकर सिंह, दुर्गेश तिवारी, संजय तिवारी, पंकज राव, हीरामणि दुबे, मारुति त्रिपाठी, पारस नाथ प्रजापति, पवन मिश्र, अम्बुज मिश्र, ममता शुक्ल, विनीत विश्वकर्मा, मुकेश तिवारी, ममता पटेल, सुलभ मिश्र तथा नागेंद्र निषाद आदि के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालते हुए

# कंपोजिट विद्यालय राजापुर प्रथम नगर क्षेत्र में समर कैंप का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बुधवार को शासन के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन कंपोजिट विद्यालय राजापुर प्रथम नगर क्षेत्र में किया गया, समर कैंप का उद्घाटन प्रमिल केसरवानी अध्यक्ष जनहित संघर्ष समिति के द्वारा किया गया, श्याम चंद्र पूर्व महामंत्री प्रयागराज महानगर एवंअधिवक्ता उच्च न्यायालय के द्वारा द्वारा शासन की मंशा की सराहना की गई, अतिथियों के द्वारा शिक्षक व छात्रों को समर कैंप की बधाई दी गई। सुश्री सुषमा वर्मा (शिक्षा मित्र) द्वारा सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करते हुए नियमित कैंप में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को श्रीमती अनुरागिनी सिंह व द्वारा योग अभ्यास, वृक्षासन, स्वास्थ्य अभ्यास, जंपिंग जैक, सुपर हाफ आदि लोक नृत्य की प्रस्तुति व समूह में क्षेत्रीय नृत्य व डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अमानुल्लाह द्वारा बताया गया कि समर कैंप का विद्यालय के छात्रों पर एक अच्छा असर पड़ेगा तथा अभिभावकों के लिए यह एक सकारात्मक संदेश रहेगा जिस विद्यालय में ठहराव व नामांकन में भी बढ़ोतरी होगी। तथा श्री अंशु द्वारा छात्रों को कई तरह की खेल गतिविधियां कराई गई अंत में सभी बच्चो मौसमी फल वितरित किया गया।



समर कैंप में योगाभ्यास करते बच्चे

## 160 की हाई-स्पीड रेल सेवाओं से जुड़ेगा करछना, आज पीएम करेंगे लोकार्पण

**प्रयागराज।** 9.8 करोड़ की लागत से करछना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया गया है जिसका लोकार्पण 22 मई को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। यह स्टेशन 160 किमी प्रति घंटा की हाई-स्पीड रेल सेवाओं से जुड़ेगा और दिल्ली-हावड़ा रूट की तीसरी लाइन से कनेक्ट होगा। दिव्यांगजनों के लिए रैंप और विशेष शौचालय बनाए गए हैं। इस विस्तार से स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज बढ़ेंगे जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड में नाम राजेश कुमार कुशवाहा है। जो कि सही है। और ड्राइविंग लाइसेंस में राजेश कुमार है। जो कि गलत है। मेरा सही व शुद्ध नाम राजेश कुमार कुशवाहा है। अब मुझे भविष्य में राजेश कुमार कुशवाहा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**राजेश कुमार कुशवाहा पुत्र भानू प्रताप कुशवाहा, निवासी 121/105 चांदमारी, न्यू मम्फोर्डगंज प्रयागराज। दिनांक 22/05/2025**

# बर्थडे पार्टी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग वीडियो हो रहा वायरल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** बेटी का बर्थडे पार्टी मना रहे लोगों ने जमकर हर्ष फायरिंग की। इसके साथ ही तेज साउंड में बज रहे डीजे का विरोध करने पर महिला की घर में घुसकर पिटाई की गई। हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे खिरोधर गांव निवासी शिमला पत्नी राम फिरने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार की रात उसके पड़ोसी के घर उनकी बेटी का बर्थडे था। इस दौरान पड़ोसी रात करीब 12 बजे तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे और उनके घर की तरफ हवाई फायरिंग कर रहे थे। हवाई फायरिंग की डर से वह गर्मी में छत पर सो रही थी लेकिन वह नीचे आ गई। आधे घंटे बाद पुनः जब वह छत पर गई तो फिर से हवाई फायरिंग की जाने लगी। आरोप है कि जिसका विरोध करने वह पड़ोसी के घर चली गई। जहां उसके साथ मारपीट की जाने लगी। वह जान बचाकर घर में भागी तो आरोपी घर में घुस गए। उसे जमकर मारा पीटा और तोड़फोड़ की। पहले तो दोनों पक्षों में सुलह समझौते को लेकर गांव में ही बातचीत चल रही थी। पर जब बात नहीं बनी तो पीड़ित महिला बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे पट्टी कोतवाली आई पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पार्टी में की जा रही हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है।


बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिग करते हुए

# सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा वायरल करना पड़ा महंगा

**पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए भेजा जेल**

अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** अवैध तमंचा से दहशत फैलाने तथा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर आरोपी युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैनपुर गांव निवासी अभिषेक सिंह का एक वीडियो अवैध तमंचे के साथ वायरल होने पर पुलिस हरकत में आ गई तथा उसकी तलाश में जुट गई। दिलीपपुर थाना के उप निरीक्षक विवेक यादव सरायगनई चैराहे पर चेकिंग के दौरान आरोपित को अवैध असलहे व बाइक के साथ हिरासत में ले लिया। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि लोगों को डराने-धमकाने व अपनी सुरक्षा के लिए अवैध असलहा रखता हूं।दरोगा विवेक यादव की तहरीर पर आरोपित अभिषेक सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। एसओ दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि चार दिन युवक का अवैध तमंचा के साथ वीडियो वायरल हुआ था। जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।



## न्यूज झरोखा

### दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम



**प्रतापगढ़।** अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कटेहटी गांव निवासी तीस वर्षीय पवन कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय कालीदीन वर्मा बीती मंगलवार की रात बाइक से एक निमंत्रण से घर लौट रहा था। रास्ते में आहरबीहर के पास रात करीब साढ़े दस बजे अज्ञात बाइक से टक्कर हो गयी। जिससे पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। जानकारी होने पर आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी सांगीपुर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने घायल पवन को मृत घोषित कर दिया। मृतक अहमदाबाद में ईट भटठे पर मजदूरी करता था। बीते सोमवार को वह घर आया था। मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसके तीन पुत्रियां जान्हवी 12, मानवी 10 तथा तनवी 01 है। घटना से मृतक की पत्नी संगीता समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है। एसओ राधेश्याम का कहना है कि शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### पड़ोसी ने कटवा दिए फलदार आम के पेड़, विरोध पर की मारपीट

**पट्टी।** हरे फलदार आम के पेड़ को पड़ोसी इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से कटवा दिया। पूछने पर आमादा फौजदारी होते हुए मारपीट गाली गलौज व धमकी दी गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भावपुर गांव निवासी सुभाष चंद्र यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन में दो हरे आम का पेड़ काफी पुराने खड़े थे। जिसमें आम के फल भी लगे हुए थे। पड़ोसी ने जबरन दोनों हरे आम के पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से कटवा दिया। जब वह विरोध करने गया तो उसके साथ गाली गलौज मारपीट करने के साथ उसे धमकी दी गई। पीड़ित ने बुधवार की शाम पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी होने पर पुलिस के साथ वन विभाग की टीम भी जांच पड़ताल करने के लिए देर शाम गांव गई हुई थी। पीड़ित ने बताया कि पुलिस के आने के बाद आरोपी मजदूरों के साथ मौके से भाग निकला।

### किशोरी के साथ युवक ने जबरन किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर पुलिस से शिकायत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ युवक जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर दोनों पक्ष थाने पहुंचे जहां पर सुलह समझौते का दबाव देर शाम तक बनाया जाता रहा। कठार गांव की एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही एक युवक ने जबरन शारीरिक संबंध कई बार बनाए। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों के होश उड़ गए। मामले की शिकायत किशोरी के साथ परिजन लेकर बुधवार की दोपहर दो बजे कोतवाली पहुंचे। किशोरी के थाने पहुंचने की जानकारी होने पर आरोपी युवक के पक्ष से भी लोग थाने पहुंच गए। थाने पर सुलह समझौते का दबाव बनाया जाता हुआ दिखाई दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। अन्य कार्यवाहियां की जा रही हैं।

### जमीनी विवाद में महिला की पिटाई, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में महिला के साथ मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मन्ना का पुरवा पूरे केवल गांव की सुनीता पत्नी कुलवंत यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीन विवाद में सात मई को उसकी ननद जया तथा उसके पति जितेन्द्र यादव व सरस्वती पुत्री त्रिभुवन नाथ ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जानलेवा हमले में पीड़ित ने एसपी से की इंसाफ की फरियाद

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के कुरैशी का पुरवा राहाटीकर निवासी इस्लाम खान पुत्र हजरत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती पांच मई की रात आरोपियों ने उसके घर में घुसकर उस पर चाकू से कातिलाना हमला किया। इस बीच एक आरोपी उसकी पत्नी परवीन बानो को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित को गंभीर स्थिति में परिजन लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उसने उदयपुर पुलिस को तहरीर दी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। पीडित के मुताबिक सीओ लालगंज के आदेश पर भी पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। पीडित ने बुधवार को एसपी से इंसाफ की फरियाद की है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने गांव के ही एक आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक पुलिस में तहरीर देने पर आरोपी उसे जानलेवा धमकी दे रहा है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बीती तेरह मई को आरोपी ने उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। पीडिता की शिकायत पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने लालगंज कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिये हैं। पीड़िता का कहना है कि अफसरों के आदेश के बावजूद जांच के नाम पर पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# विकास कार्यो का बीडीओ ने किया निरीक्षण, दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** सांगीपुर के खंड विकास अधिकारी विमल श्रीवास्तव ब्लाक में कराये जा रहे विकास कार्यो के निरीक्षण के दौरान देवरी गांव पहुंचे। उन्होंने गांव में बने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। पंचायत भवन एंव सामुदायिक शौचालय में व्याप्त गंदगी को देखकर बीडीओ ने सम्बन्धित सिक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराये जा तालाब खुदाई कार्य भी निरीक्षण किया। कार्यस्थल पर निमार्णाधीन तालाब का सीआइबी बोर्ड नही होने पर और अधिक नाराज हो उठे और सम्बन्धित सिक्रेटरी को पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई दुरुस्त करने के साथ तालाब पर तत्काल बोर्ड लगवाए जाने की चेतावनी दी। तालाब में कार्य कर रहे 99 श्रमिको के लिए कार्यस्थल पर हर समय मटके में शुद्ध पेजजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बीडीओ ने भीषण गर्मी को देखते हुए कार्य प्रभारियों से गांवो में संचालित हो रहे कार्यो को सुबह 06 से 10 बजे तक व दूसरी बेला में 04 बजे से 07 बजे तक कराये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुनील दुबे भी मौजूद रहे।


विकास कार्यों का निरीक्षण करते बीडीओ

### बीडीओने सम्पर्क मार्ग निर्माण का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी बाबागंज राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने ग्राम पंचायत मछेहा हरदोपट्टी में मनरेगा योजनान्तर्गत अतिक्रमण मुक्त कराये गये चकमार्ग नन्हे के खेत से पक्की सडक तक सम्पर्क मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 40 श्रमिक कार्य करते हुये पाये गये, वर्तमान समय मे खेत खलिहान खाली है बगल से मिटटी आसानी से मिल जा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय सी०आइ०बी०बोर्ड लगा नही पाया गया जिसके लिये ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया कि तत्काल सी०आई०बी० बोर्ड 2 दिवस के अन्दर लगवाना सुनिश्चित करे। 20 मजदूर से अधिक होने पर 1 महिला मेठ का मास्टर रोल निकाला जाना चाहिये था परन्तु महिला मेठ का एम०आर० नही निकला है जिसके लिये पचायंत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य सतोषजनक पाया गया।

# एबीएसए ने एआरपी पद पर चयनित शिक्षकों को ग्रहण कराया कार्यभार



अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** विकासखण्ड लालगंज में एआरपी पद पर चयनित शिक्षकों को बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण कराया। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुआ समर कैम्प का निरीक्षण भी किया। ब्लाक अन्तर्गत विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के चार शिक्षकों ऋषि कुमार द्विवेदी, शैलेष गुप्ता, विशाल सिंह एवं मनीष पाण्डेय का एआरपी के पद पर चयन हुआ था। इन्हें खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को बीआरसी केन्द्र पर कार्यभार ग्रहण कराया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बेहतर शिक्षा में एआरपी की भूमिका महत्वपूर्ण हुआ करती है। चयनित सभी एआरपी को पारदर्शिता से अपने कार्यो के निर्वहन के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम का संयोजन ब्लाक शिक्षक संघ के मंत्री विष्णु सिंह ने किया। वहीं बुधवार से ब्लाक अन्तर्गत उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने समर कैंप की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इसे प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### एबीएसए ने परिषदीय विद्यालयों के समर कैंप का किया निरीक्षण

## छात्रा के बैग से नकदी व मोबाइल गायब, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** परास्नातक सेमेस्टर परीक्षा को लेकर प्रथम पाली में छात्रा का बैग से मोबाइल व एक हजार नकदी गायब होने को लेकर बुधवार को हडकंप मच गया। रानीगंज अजगरा निवासिनी स्वाती तिवारी ने लालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को वह प्रथम पाली में एमएससी की परीक्षा में शामिल हुई। परीक्षा समाप्त होने पर वह बाहर निकली तो उसका बैग नदारद मिला। पीड़िता के मुताबिक बैग से उसका मोबाइल तथा एक हजार रुपए नकद गायब हुआ है। इस बाबत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र का कहना है कि परीक्षार्थियों के सामान रखवाने की व्यवस्था का महाविद्यालय में कोई प्रबन्ध नहीं हुआ करता। वहीं प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगायें : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय अभय कुमार सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 तक की प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने पर बल देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने ग्रीष्म ऋतु में संक्रामक रोगों के प्रसार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय उपलब्ध कराने हेतु खाद्य पदार्थ जिसमें ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में खुले कटे-फटे, सड़े गले एवं कृत्रिम रूप से पकाये गये फलों तथा दूषित खाद्य पदार्थों यथा फलों के जूस, गन्ने का रस कार्बाइड से पकाये गये आम, आइसक्रीम व आइसकैण्डी आदि के निर्माण व विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया। औषधि निरीक्षक प्रतापगढ़ को जनपद में संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की विक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, जनपद के विभिन्न बाजारों में संचलित मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करते हुए जेनरिक एवं ब्राण्डेड औषधियों का नमूना संग्रहित करते नकली एवं अधोमानक औषधियों के विक्रय पर प्रभावी रोक-थाम हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सम्बन्धित अधिकारीगण, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, व्यापार संगठन से मो0 अनाम एवं अर्पित खण्डेलवाल आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करतीं सीडीओ

## सात पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज।** रंजिश में गालीगलौज मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा संग्राम सिंह गांव की निशा सरोज पत्नी शिवमंगल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर अठारह मई की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के दिनेश सरोज, शिवनरेश सरोज, सरिता पुत्री रामहरख, सविता पत्नी शिवनरेश, मोहिनी पत्नी दिनेश, रामहरख व उसकी पत्नी रामावती एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करते हुए पीड़िता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आरोपीगण घरेलू सामानों में तोडफोड करते हुए भाग निकले। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्रांति की राजीव की दूरदर्शिता ने बढ़ाया भारत का सामरिक महत्व : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकताओं ने स्व0 राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम में वर्चुअल संबोधन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व0 राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश में सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्रान्ति ले आयी। उन्होने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्रांति का ही आज दूरगामी परिणाम है कि भारत की सेना के वीर जवानों को आपरेशन सिन्दूर की सफलता मिली। उन्होनें कहा कि राजीव गांधी के इसी दूरगामी सोच का अतुलनीय परिणाम है कि इण्डो-पाक सीमा पर वायु, जल और थल का अतिक्रमण किये बगैर बिना दूसरे देश में गये भारत देश की सीमा क्षेत्र के अंदर से ही आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने सटीक हमले किये। उन्होने कहा कि देश को आज राजीव गांधी की सूचना क्रांति की दूरदर्शिता से मिसाइल, अंतरिक्ष ड्रोन, सेटेलाइट की आधुनिक तकनीकी से मजबूती मिली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, छोटे लाल सरोज, रामू मिश्र, राजू पाण्डेय, सिंटू मिश्र, सुमित त्रिपाठी, दिनेश सिंह, रिंकू धुरिया, महेन्द्र मिश्र, शंकर धुरिया आदि रहे।



## अधेड़ ने की पांचवी शादी, दो पत्नियों ने थाने पर दी तहरीर

**पट्टी।** एक अधेड़ ने पांचवी शादी करके पत्नी को घर लाया तो उसकी दो बीबीयां थाने पहुंच गई। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार निवासी अयूब खान पर उनकी दो बीवियां कमरुल निशा व सोफिया बेगम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति मंगलवार को पांचवी शादी करके एक और पत्नी को लेकर घर आया है। जबकि इसके पहले वह चार शादियां कर चुका है और चारों को बच्चे हैं। अब वह पांचवीं शादी करके घर आया है। कमरुल निशा व सोफिया बेगम का आरोप है कि उन दोनों को उसके पति घर में रहने नहीं दे रहा है। जिससे परेशान दोनों महिलाएं साथ में बुधवार को कोतवाली आई। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में सम्मानित किये गये मेधावी

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के विद्याधर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार की शाम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष हिमांशु ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा फल के तहत विभिन्न कक्षाओं के सर्वश्रेष्ठ मेधावियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक शशिधर मिश्र एवं संचालन प्रधानाचार्य दीपेन्द्र ओझा ने किया। इस मौके पर सुधांशु ओझा, अम्बरीश मिश्र, बबली साहू, अंगद सिंह, मिथिलेश कुमारी, अनुराधा यादव, आशीष ओझा, स्वाती मिश्रा आदि रहे।

## दो युवकों के साथ घर से भागी युवती को पुलिस लाई थाने

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव की एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने युवती तथा दो अन्य लोगों को थाने लाई। युवती को जहां मेडिकल हुआ बयान के लिए जिला मुख्यालय ले जाया गया है वही थाने ले गए दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। गांव की एक महिला ने पुलिस को में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी बेटी को रामपुर बेला गांव का एक युवक भाग ले गया है। इस मामले में आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और जांच पड़ताल के दौरान पता चला की युवती आरोपी युवक के साथ रह रही थी। जहां से युवती को बरामद करते हुए दो अन्य युवकों को भी थाने लाया गया है। युवती को पुलिस बुधवार को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जाने के साथ न्यायालय के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया है।

# बीती रात्रि आयी तेजी ऑधी तूफान से जनपद में हुई क्षति हानि का भ्रमण कर डीएम ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**जिलाधिकारी ने गर्मी के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोलों/तारों को जल्द से जल्द ठीक करवाये जाने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** बीती देर रात्रि में आयी तेजी ऑधी तूफान से जनपद में हुई क्षति हानि का आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा भ्रमण कर जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान जनपद के ग्राम-दरियापुर मझियावां तहसील सिराथू में दीवार गिरने से मृत हुए जानवरों के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना का जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर जायजा लिया एवं मृत जानवरों के मालिक किसान-केशलाल पुत्र रामजस से मुलाकात कर सम्बन्धित अधिकारी को दैवी आपदा से तत्काल मुआवजा दिलवाये जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जो भी निर्धारित मुआवजा हो, उसका परीक्षण कर आज ही पीड़ित को मुआवजा देकर राहत पहुँचायी जाय। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कल देर रात्रि में आयी तेजी ऑधी/तूफान से जनपद के दरियापुर भरवारी रोड पर गिरे विद्युत पोलो/विद्युत तारों एवं पेड़ों का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑधी से गिरे विद्युत पोलों/तारों को गर्मी के दृष्टिगत जल्द से जल्द ठीक करवाया जाय, जिससे आमजन-मानस को गर्मी में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि तीव्र गति से कार्य कराते हुए विद्युत सप्लाई को चालू कराया जाय। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रास्ते में गिरे हुए पेड़ां के कारण आवागमन में हो रहें अवरोध को जल्द से जल्द हटवाये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दियें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे.।

## आंधी पानी ने मचाई आफत,सड़को वा घर पर गिरे पेड़,उखड़े बिजली के खंभे

**दीवार गिरने से दो लोग गंभीर घायल ऑटो ई रिक्शा बाइक क्षतिग्रस्त पशु भी मरे**



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज और उसके आसपास देर रात आई आंधी और बारिश ने आफत मचा दी है,आंधी और बारिश से सैकड़ो बड़े बड़े विशालकाय पेड़ उखड़कर गिर गए है,वही तमाम बिजली के खंभे उखाड़कर सड़कों पर गिर गए है,पेड़ गिरने से कई लोग घायल हो गए है। जानकारी के अनुसार उर्मिला उम्र 50 वर्ष पत्नी मूलचंद तिवारी निवासी असवा के घर की छत गिर जाने से उर्मिला मलवे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया वही डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया है वहीं पांडेय मऊ के रहने वाले रामू पुत्र रामसुरेमन दीवार गिर जाने से दब गए जिससे गंभीर रूप से चोट आ गई और वहीं तीरथ पुत्र सतीश कुमार की भैंस पेड़ से दब जाने से मौत हो गई है। मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के पट्टीपरवेजा बाद बड़ागांव में राकेश कुमार पुत्र अमृत लाल की बहन की कल सगाई थी और पेड़ गिर जाने से रिश्तेदारों की तीन बाइक व ई रिक्शा और ऑल्टो वाहन दब गए जिससे लाखों का नुकसान हो गया वही धर्मेंद्र पुत्र अशर्फी लाल व हीरालाल पुत्र मुंदर व हरिलाल पुत्र बगगड़ और इब्राहिम का पेड़ गिर जाने से घर की दीवार व घर गिर गया है जिससे लाखों रुपए तक नुकसान हो गया है।

# संचार क्रांति के अगुआ थे स्व. राजीव गांधी : विजय प्रकाश



**कौशाम्बी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को कांग्रेस कमेटी की एक बैठक ग्राम कासिया मूरतगंज में जिला अध्यक्ष गौरव पांडे की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन चरित्र पर चर्चा की गई । बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा की राजीव गांधी की सोच एक दूरदर्शी सोच थी और वह बहुत दूर तक की सोच कर कोई काम करते थे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने स्वर्गीय राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा की राजीव गांधी ने संचार क्रांति की शुरूआत की थी उन्होंने युवाओं को 18 साल की उम्र में मताधिकार का अधिकार दिया था प्रभारी राजेश साहनी ने कहा की राजीव गांव में पंचायत राज की व्यवस्था करके गांव को विकसित करने का काम किया था उनके कार्यकाल में ही जवाहर रोजगार योजना तथा इंदिरा आवास योजना की शुरूआत हुई थी बैठक के पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कौशांबी प्रभारी ने संगठनात्मक बैठक भी किया तथा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं के साथ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई बैठक में शहनाज अली राम बहादुर त्रिपाठी, श्याम मूर्ति तिवारी मो0 अकरम राजनरायन पासी मनोज सिंह पटेल कौशलेश द्विवेदी महासचिव राम सूरत रदास राज बहादुर चौधरी मोहम्मद आरिज मो फरमान बरसाती लाल पंडा श्याम सिंह भदौरिया अलकमा बच्चा त्रिपाठी विवेक मिश्रा सचिन पांडेय निक्की पांडे हेमंत रावत फौज़िया मो॰अब्बान अमृतलाल निहाल, दीपक शर्मा, सिकंदर सिंह बालेंद्र यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वर्कशाप विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर का डीएम ने औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा बुधवार को विद्युत विभाग के ट्रॉन्सफार्मर मरम्मत केंद्र (वर्कशाप)/ विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त परिवर्तक के आवक-जावक रजिस्टर का भी अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की गई, कि क्षतिग्रस्त परिवर्तक (ट्रान्सफार्मर) तय समय-सीमा के अन्दर बदले जा रहें है या नहीं तथा वर्कशाप में कितने ट्रान्सफार्मर रिजर्व रखें गये है एवं कितने दिनों में ट्रान्सफार्मर रिपेयर किये जा रहें हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है, इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्हांने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता व जे0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं का क्षतिग्रस्त ट्रान्सफार्मर तम समय-सीमा में ही बदला जाय तथा ऑधी तूफान में क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों व विद्युत तारां को शीघ्र ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल करायी जाय।

## गंगा नदी नहाते समय किशोर नदी में समाया मौत

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर पुल के नीचे गाँव के अहैंम अहमद उम्र 12 वर्ष पुत्र फहीम अहमद गंगा कच्छर मे बकरी चराने गया था और वह शाम लगभग 7 बजे घर वापस आते समय गंगा नदी मे नहाने लगा नहाते नहाते गहरे पानी मे चला गया और साथी मोहम्मद फईम इरसाद व कौसर ने अहैम को गहरे पानी में डूबता देख आनन फानन घर पर जाकर परिजनों को बताया की अहैंम अहमद गंगा नदी के गहरे पानी मे चला गया और वह डूब गया रोते बिलखते परिजन गोता खोर रमेश निषाद से मिलकर जल्द गंगा नदी की तरफ पहुंच गए वहीं सूचना में पहुंची हल्का पुलिस व डायल 112 ग्रामीण व गोताखोर की सहायता से गंगा नदी में ढूंढने लगे काफी प्रयास के बाद अहैम अहमद का शव गहरे पानी में मिला परिजनों मे रोना पीटना मच गया पिता किसानी करके अपने परिजनों का पालन पोषण करता था मृतक इस्लामिया विद्यालय शहजादपुर कक्षा 4 में पढ़ता है मृतक के पिता कानपुर में फल फ्रूट का ठेला लगाते हैं परिजन मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहते थे इसलिए हल्का पुलिस शव परिजन को दे कर चली आई।

## विनीत और दर्शनाभिलाषी भी निमंत्रण कार्ड पाने को रहते हैं लालायित

**कौशाम्बी।** शादी विवाह के कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुखिया को विनीत बनाया जाता है और कार्यक्रम के अन्य सहयोगियों को दर्शनाभिलाषी की जिम्मेदारी दी जाती है इस समय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है 22 मई को भरवारी के कॉलेज में सामूहिक विवाह का आयोजन है और इस आयोजन में निमंत्रण कार्ड के जरिए मेहमानों को आमंत्रित किया गया है इस आयोजन के निमंत्रण कार्ड में जिला अधिकारी कौशांबी लोगों से विनती कर रहे हैं सामूहिक विवाह के निमंत्रण कार्ड में विनीत में जिलाधिकारी का नाम प्रकाशित हुआ है दर्शनाभिलाषी में भी तमाम अधिकारियों का नाम प्रकाशित हुआ है लेकिन जिन अधिकारियों की तरफ से कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है उनको भी निमंत्रण कार्ड देने के लिए उनके नाम निमंत्रण कार्ड में लिखे जा रहे हैं और उन अधिकारियों तक निमंत्रण कार्ड पहुंचाए जा रहे हैं कार्यक्रम आयोजकों को निमंत्रण कार्ड दिया जाना कहां तक न्याय संगत है।

## 17 दिन पहले गायब बालिका का नहीं लगा सुराग

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा अंतर्गत एक गांव की 25 वर्षीय बालिका 4 मई 2025 को घर से दवा लेने के बहाने निकलकर गई थी लेकिन 17 दिन बीत जाने के बाद अभी तक वह वापस नहीं लौटी है जिससे बालिका के पिता परेशान है बालिका के पिता ने थाने से लेकर अधिकारियों तक शिकायती पत्र दिया है उन्होंने आशंका जाहिर की है कि उनके गांव के रहने वाले रवि करन उर्फ डेंजर के मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली जाए वह इस समय महाराष्ट्र में रहकर नौकरी करता है और उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी रवि करन उर्फ डेंजर के संपर्क में है उनकी बेटी को बरामद कराया जाए उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने 13 मई को रायगढ़ महाराष्ट्र से अपने बैंक खाते से पैसा भी निकाला है जिससे यह आशंका है कि उनकी बेटी महाराष्ट्र में ही है।

## 350 बालिकाओं के खुलेंगे भाग्य

**कौशाम्बी।** समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि 22 मई को भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी ग्राउंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां लगभग 350 बालिकाओं की शादी होंगी उन्होंने कहा कि लगभग 350 बालिकाओं को नया जीवन साथी मिलेगा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है योजना की जानकारी देते हुए ने उन्होंने बताया कि 35000 बैंक खाते में कन्या को ट्रांसफर किया जाता है 10000 का सामान आयोजको द्वारा बालिकाओं को दिया जाता है और प्रत्येक बालिका की शादी में 5000 आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा भोजन टेंट आदि में खर्च किया जाता है इस कार्यक्रम के आयोजक मुखिया जिला अधिकारी हैं।

## चार दिन से गायब बृद्ध

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली के ओसा निवासी रावेन्द्र सिंह पटेल 18/05/2025 सुबह 9 बजे से लापता है। तमाम प्रयास के बाद भी उनकी जानकारी नहीं लग सकी है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है उनकी लंबाई 5 फिट रंग सावला जो फुल टीशर्ट सफेद ,और लूंगी पहने हुए हैं माणिकचंद्र पटेल ने कहा कि जिस किसी सज्जन को दिखाई दे कृपा करके इस नम्बर 9356332749 पर जानकारी दे।

# जिले भर में धूमधाम से मनाई जाएगी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**शेफर्ड टाइगर फोर्स के बैनर तले मूरतगंज बाजार से भरवारी के विभिन्न मोहल्लों में निकाली जाएगी शोभा यात्रा**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के संत गाडगे नगर में बुधवार को शेफर्ड टाइगर फोर्स की बैठक हुई। इसमें 31 मई को पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती भव्य तरीके से जिले भर में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील पाल ने की। जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील पाल ने बताया कि 31 मई को माता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मूरतगंज बाजार में एसबीआई बैंक के पास मनाई जाएगी। इसके बाद नगर पालिका परिषद भरवारी के विभिन्न मोहल्लो में भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने सनातन धर्म के लिए कार्य किया। उन्होंने सनातन संस्कृति को बचाने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मुख्य वक्ता जिला संयोजक बच्चन पाल ने कहा कि संगठन द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती भव्य तरीके से 31 मई को जिले भर में मनाई जाएगी।प्रदेश प्रवक्ता उमेश पाल,श्याम सिंह पाल ने कहा कि माता रानी अहिल्याबाई होल्कर ने विषम परिस्थितियों में भी अपना साहस एवं राष्ट्र प्रेम कम नहीं होने दिया। वह आज भी नारी समाज की प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं। बैठक में डॉ. दिनेश पाल, पत्रकार राजकमल पाल, एड सचिन पाल, लालता प्रसाद, विजय पाल, धर्मेंद्र पाल मानसिंह पाल, रघुवीर पाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कई दिन बीते खनन निरीक्षक पर हमला करने वालों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**कौशांबी।** बालू के ओवरलोड वाहनों की जांच करने के लिए कोखराज थाना क्षेत्र में गए खनन निरीक्षक पर हमला करने का प्रयास किया गया था कई दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक खनन निरीक्षक पर हमला करने वालों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं बताया जाता है कि 16 मई को सुबह 8:00 बजे खनन निरीक्षक कोखराज क्षेत्र में ओवरलोड बालू वाहनों की जांच कर रहे थे इसी बीच उनके वाहन को टक्कर मार कर वाहन को पलटाने का प्रयास किया गया है हालांकि इस घटना में खनन अधिकारी बच गए हैं लेकिन उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है आशंका जताई जा रहे है कि यमुना नदी से अवैध बालू खनन में लगे माफिया और खनन विभाग के कुछ सरकारी नुमाइनों के साठगांठ से खनन निरीक्षक पर हमला करने का प्रयास किया गया है खनन निरीक्षक के वाहन में टक्कर मारने का यह मामला बेहद गंभीर है यदि पुलिस ने इस मामले में विन्दुवार जांच कराई तो कई बालू माफियाओं के साथ खनन विभाग के सरकारी नुमाइंदे भी जेल के सलाखों के पीछे होंगे।

# कथित डॉक्टर ने फिर ले ली छोटे बच्चे की जान

**अस्पताल संचालक के पास मरीजों को दिए जाने वाले इलाज का लेखा-जोखा भी नहीं है**

**क्या मरीज की मौत के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर रहे हैं वसूली**



**कौशाम्बी।** निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान लापरवाही और मरीजों की मौत के मामले में रोक नहीं लगती दिख रही है बिना पर्याप्त मानक के कथित चिकित्सक द्वारा नर्सिंग होम अस्पताल खोल कर अस्पताल का संचालन तेजी से किया जा रहा है कथित चिकित्सको की लापरवाही इलाज में मौत का कारण बन रहा है बुधवार को फिर एक छोटे बच्चों की इलाज के दौरान मौत हो गई है जहां डॉक्टरों की लापरवाही फिर उजागर हुई है लेकिन खबर लिखे जाने तक अस्पताल संचालक और कथित डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे पूरा स्वास्थ्य विभाग कटघरे में खड़ा है अस्पताल संचालक के पास मरीजों को दिए जाने वाले इलाज का लेखा-जोखा भी नहीं है। अस्पताल के बोर्ड में डॉक्टर टंगे हैं लेकिन मौके पर मौजूद नहीं रहते। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहनपुर की रागिनी देवी उम्र 6 वर्ष पुत्री चंदन को मामूली मर्ज में चरवा थाना क्षेत्र के दनियालपुर के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था यहां इलाज के नाम पर इस अस्पताल में मौजूद कथित डॉक्टरों ने मरीज के परिवार के लोगों से मोटी रकम जमा कर ली लेकिन मरीज का इलाज करने के लिए अस्पताल में योग्य डॉक्टर नहीं थे कम पढ़े लिखे कथित डॉक्टरों द्वारा मरीज का इलाज किया गया जिससे मरीज का मर्ज बढ़ता गया और जब मरीज की हालत बेहद खराब हो गई तो कथित डॉक्टरों ने मरीज और उनके परिवार को यह कहकर अस्पताल से भगा दिया कि दूसरे अस्पताल लेकर जाओ यहां इलाज अब नहीं हो पाएगा बच्ची को लेकर उनके माता-पिता जनपद मुख्यालय मंझनपुर आ रहे थे रास्ते में ही बच्ची की मौत हो गई है बच्ची की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है और बच्ची की मौत होने के बाद ऑटो चालक में भी बच्ची को उसके परिवार के लोगों को एसपी कार्यालय के बाहर उतार कर फरार हो गया है जहां बच्ची के मौत पर परिवार के लोग रो रहे थे रोते बिलखते देख मौके पर लोगो का मजमा लग गया सवाल उठता है कि बिना पंजीयन और बिना योग्य डॉक्टर के नर्सिंग होम अस्पताल का पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग कैसे कर रहा है क्या मरीज की मौत के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वसूली कर रहे हैं बड़ा सवाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर खड़ा है कब तक इलाज के दौरान कथित डॉक्टरों की लापरवाही से मरीजों की मौत होती रहेगी।

# न्यूज झरोखा

## अनाथ बृद्धा जिंदा महिला की बंद कर दी पेंशन



**कौशाम्बी** वृद्ध जनों को सहायता देने के उद्देश्य से सरकार वृद्धा पेंशन दे रही है लेकिन वृद्धा पेंशन पाने के हकदार लोगों की पेंशन अधिकारियों द्वारा बंद करके उन्हें परेशान किया जाता है पेंशन बंद होने के बाद चलने फिरने में समर्थ वृद्ध जन अपनी वृद्धा पेंशन चालू करने के लिए ब्लॉक नगर पालिका से लेकर विकास भवन के अधिकारियों तक चक्कर काटते रहते हैं लेकिन वृद्ध जनों की सुनवाई नहीं होती है इसी तरह का ताजा मामला बुधवार को विकास भवन कार्यालय में देखने को मिला है जहां नगर पालिका परिषद मंझनपुर के बबुरा गांव की रहने वाली सुग्गन देवी उम्र 65 वर्ष पुत्री रामनाथ इस समय दुर्गा मंदिर के पास काशीराम कॉलोनी में रहती है महिला के पति ने भी उसे छोड़ दिया है बेटी भी उससे दूर रहती है 65 साल की उम्र में वह अकेली महिला काशीराम कॉलोनी में निवास करती है पेंशन तो उसकी बनाई गई थी और बैंक खाता तक पहुंची लेकिन महिला के जिंदा होने के बाद भी उसकी पेंशन बंद हो गई है उसे पेंशन नहीं मिल रही है सवाल उठता है महिला कैसे पेंशन योजना की अब अपात्र हो गई है या फिर जिंदा महिला को मृतक दिखा करके अभिलेखों में उसकी पेंशन बंद कर दी गई है यह जांच का विषय है समाज कल्याण अधिकारी से महिला मिली तमाम प्रयास के बाद भी महिला को संतोषजनक जवाब विकास भवन के अधिकारियों से नहीं मिल सका है जिससे पूरे दिन वृद्ध महिला विकास भवन में परेशान दिखाई पड़ी है।

## समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के बेटे का निधन



**भरवारी कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे शिव मोहन चौधरी के बड़े बेटे आनंद चौधरी का आकस्मिक निधन हो गया है जैसे ही जानकारी पार्टी पदाधिकारी को लगी शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने लोग उनके घर में पहुंचने लगे हैं लोगों ने कहा कि असमय निधन से गहरा दुख हुआ है ईश्वर मृतक आत्मा को शांति प्रदान करें बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के तमाम नेता शामिल हुए हैं इस मौके पर पूर्व सांसद जनसत्ता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए है हालांकि पार्टी प्रत्याशी के बेटे की मौत के बाद वर्तमान सांसद पुष्पेन्द्र सरोज वर्तमान विधायक इंद्रजीत सरोज सहित तमाम बड़े नेता शामिल नहीं हो सके हैं ।

## भरवारी के 2 मेडिकल स्टोर में विभाग का छापा जांच को भेजे गए सैंपल



**कौशाम्बी** सहायक आयुक्त औषधि संजय प्रयागराज मण्डल के नेतृत्व में बुधवार को भरवारी कस्बे के दो मेडिकल स्टोर में विभाग के अधिकारियों ने छापा मार कर जांच पड़ताल की है जांच के दौरान गलत दवाएं पाए जाने पर दोनों मेडिकल स्टोर से दवाओं का सेम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच टीम द्वारा महेश मेडिकल स्टोर एवं केसरवानी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय महेश मेडिकल स्टोर मे संदेहप्रद औषधि का नमूना सील मोहर किया गया एवं कुछ नार्कोटिक्स औषधिया भी बरामद की गयी जिनके क्रय विक्रय अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया केसरवानी मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय 02 संदेहप्रद औषधियों का नमूना सील मोहर किया गया एवं सील मोहर किये गये तीनो औषधि नमूनो को राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला मेरठ भेजा गया उक्त जानकारी सुनील कुमार रावत औषधि निरीक्षक,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,कौशाम्बी ने दी है

## जीएसटी पंजीयन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन व्यापारी संपर्क अभियान के तहत व्यापारियों को किया गया जागरूक



**भरवारी कौशाम्बी।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में दिनांक 21 मई को मूरतगंज स्थित सुपर टेरीकाट फैमिली सेंटर में जीएसटी पंजीयन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी मैं प्रमुख रूप से मुक्तिनाथ वर्मा एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 1 प्रयागराज जोन, राजेश मौर्य उपायुक्त तथा योगेश बोहरे असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर जीएसटी की मौजूदगी में हुई गोष्ठी की अध्यक्षता संगठन जिलाध्यक्ष अरविन्द केशरवानी ने की।यह गोष्ठी उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर विभाग द्वारा संचालित "व्यापारी संपर्क अभियान" के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य प्रदेश के व्यापारियों को जी.एस.टी. पंजीयन के लाभों, तकनीकी सहायता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम में सिराथू नगर अध्यक्ष रमन केशरवानी भरवारी नगर अध्यक्ष नीरज बनारसी सहित जिले भर से पधारे अनेक व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## किसान कल्याण केन्द्र मंझनपुर में किसान दिवस का आयोजन

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी की अध्यक्षता में बुधवार को किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में डॉ0 अजय कुमार द्वारा कृषकों को सम्बोधित करते हुए निर्देशित किया गया कि धान बीज को उपचारित करने तथा धान बीज की सीधी बुवाई से कृषकों को 20-30 प्रतिशत पानी की बचत होती है एवं मजदूरी की भी बचत होती है। कृषकों को विभिन्न फसलों यथा-धान बुवाई तथा ज्वार, बाजरा एवं अरहर की बुवाई के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। डॉ0 योगेंद्र सिंह (उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी) ने कृषकों को प्रगतिशील पुरस्कार योजना, पशुओं का टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान के बारे में कृषकों को अवगत कराया तथा लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अंकित कुमार (इफ्को प्रतिनिधि) ने कृषकों को नैनो यूरिया तथा नैनो डी.ए.पी. के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, मंझनपुर द्वारा कृषकों को बताया गया कि वर्तमान में राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर धान के बीज उपलब्ध है जो कृषक इन फसलों की खेती करना चाहते हों, वे अपने नजदीकी बीज गोदाम से सम्पर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं तथा कृषकों को बताया गया कि जो कृषक अलग-अलग फसलों का उत्पादन करना चाहते हैं वो कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भण्डार से समय-समय पर उपलब्ध मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं। कृषकों को बताया गया कि फसल को सरक्षित भण्डार करने हेतु बखारी कृषि रक्षा इकाईयों पर अनुदान पर उपलब्ध करायी जाती है। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, मंझनपुर द्वारा कृषक को सोलर पम्प योजना की जानकारी प्रदान की गयी कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक को अपने पारदर्शी पंजीकरण संख्या के द्वारा ऑनलाइन 02 एच.पी./03 एच.पी./05 एच.पी./7.50 एच.पी./10 एच.पी. सोलर पम्प का आवेदन करना होता है, आवेदन के समय कृषक को रुपए-5000.00 ऑनलाइन टोकन मनी जमा करनी होती है। टोकन कन्फर्म होने पर कृषक अंश चालान के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त कर इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में जमा करना होता है। कृषक के पास 03/05 एच.पी. के सोलर पम्प के लिए 06 इंच व 7.50/10 एच.पी. के लिए 08 इंच का बोर होना आवश्यक है। वर्तमान में सोलर पम्प के लक्ष्य प्राप्त हैं जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया चालू है। इच्छुक कृषक बन्धु ऑनलाइन आवेदन करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सुश्री सुरूचि विश्वकर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी सैनी विपिन कुमार, लघु सिंचाई विभाग कुलदीप गुप्ता, डॉ योगेन्द्र सिंह, मण्डी समिति मंझनपुर हुबलाल एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अजय कुमार सहित विकास खण्डों से आये हुए कृषकगण उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डा. नार्लीकर का निधन

**मशहूर** खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है।

निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है।

इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाएं भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं। नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है।

धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़ है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी भी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है। लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है।

# मोदी सरकार प्रेस को दबाकर पाकिस्तान की चुनौती का सामना नहीं कर सकती

– सुशील कुट्टी





**शाह** के समर्थकों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया। इस महीने की शुरूआत में, गुजरात समाचार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को बिना किसी कारण बताये बंद कर दिया गया था। धोखाधड़ी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। तथाकथित मोदी विरोधी मीडिया मोदी सरकार के प्रतिशोध से बच नहीं पाया है। नवीनतम 'पीड़ितों' में 'द वायर' भी शामिल है, जिसे 'ब्लॉक' कर दिया गया था।

अगर आप 'उन्हें चुप नहीं करा सकते, तो उनको चुप करा दें!' मोदी के भारत में यही कहावत है। 'उनको चुप करा दें' का मतलब है, बोली और लिखी गयी आवाज को दबा दें। 'उन्हें चुप करा दें' का मतलब है, उनको सलाखों के पीछे बंद कर दें, जो परेशान कर रहे हैं, और नियंत्रण में नहीं हैं। इसके 'क्यों' के जवाब के लिए कोई रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है! इतना ही काफी है कि वह व्यक्ति सत्ता के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा है।

इस समय, खबरों में दो 'शाह' हैं। मध्य प्रदेश के शाह और गुजरात समाचार के शाह। मध्य प्रदेश के शाह ने सेना के एक 'हीरो' के खिलाफ उपहास और दुर्भावना से भरे शब्द कहे और गुजरात समाचार के शाह ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मध्य प्रदेश के शाह एक आजाद पक्षी हैं। ७३ वर्षीय गुजरात के शाह प्रवर्तन निदेशालय की सबसे बड़ी दुर्भावना के निशाने पर हैं!

अलग-अलग शाहों के लिए अलग-अलग चालें! एक मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जिन्हें गिरफ्तारी और कारावास से छूट है। दूसरे हर मायने में 'बाहुबली' हैं, जिनकी कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है और इसलिए उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के विचार में चुप करा दिया जाना चाहिए।

बाहुबली शाह और मध्य प्रदेश के शाह के साथ किये गये व्यवहार की तुलना करें तो भेदभाव विशाल पेड़ की तरह खड़ा है। उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के शाह के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया और प्राथमिकी दर्ज की गयी। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक भी पहुंचा।

मध्य प्रदेश के शाह खुलेआम घूम रहे मानो बेदाग हों। लेकिन १५ मई की देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुजरात के 'गुजरात समाचार' के मालिक बाहुबली शाह को वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास रखने वाले लोग, जिनसे मोदी सरकार सहमत नहीं है, बाहुबली शाह के साथ एकजुटता में सामने आये हैं।

ऐसे समय में हुई है जब देश में युद्ध चल रहा है। स्वतंत्र मीडिया बाहुबली शाह की ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी को 'अपराध' कहता है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन विमेंस प्रेस कोर, प्रेस एसोसिएशन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स और केरल यूनियन ऑफ वकिंग जर्नलिस्ट्स, सभी ने बाहुबली शाह की ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी की निंदा की है।

बाहुबली शांतिलाल शाह लोक प्रकाशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, जो 'गुजरात समाचार' प्रकाशित करता है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से प्रकाशित होने वाला एक व्यापक रूप से प्रसारित दैनिक है।

गुजरात की एक अदालत ने १६ मई को बाहुबली शाह को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी २०१६ से बाहुबली शाह का पीछा कर रहा है। २०२३ में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कथित तौर पर धन के दुरुपयोग के लिए जांच शुरू की थी। इस बार भी ईडी ने लोक प्रकाशन के कई ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। आयकर (आई-टी) विभाग ने भी मुंबई, वडोदरा और अहमदाबाद में एक साथ छापेमारी की।

शाह के समर्थकों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया। इस महीने की शुरूआत में, गुजरात समाचार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को बिना किसी कारण बताये बंद कर दिया गया था। धोखाधड़ी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। तथाकथित मोदी विरोधी मीडिया मोदी सरकार के प्रतिशोध से बच नहीं पाया है। नवीनतम 'पीड़ितों' में 'द वायर' भी शामिल है, जिसे 'ब्लॉक' कर दिया गया था। यह तो पता नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'गुजरात समाचार' ने कब और कैसे निशाना बनाया या बदनाम किया, लेकिन विपक्षी दल इंडिया गठबंधन को यकीन है कि 'गुजरात समाचार' को सत्ता के सामने सच बोलने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि 'डराने की राजनीति' अब मोदी सरकार की 'पहचान' बन गयी है।

'मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार ९३ साल पुराना संगठन है। मोदी ने साबित कर दिया है कि आलोचकों को गिरफ्तार करना डरे हुए तानाशाह की पहली निशानी है! जो कोई भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठायेगा या भाजपा के साथ समझौता नहीं करेगा, उसे जेल जाना पड़ेगा, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर आरोप लगाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह गुजरात समाचार को 'खामोश' करने और न केवल एक अखबार, बल्कि पूरे लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश है।

बाहुबली शाह को खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत दी गयी। प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि गुजरात समाचार हमेशा सत्य के साथ खड़ा रहा है और भारत-पाकिस्तान युद्ध से निपटने के मामले में सरकार के तौर-तरीकों सहित 'भाजपा सरकार और पीएम मोदी को आईना दिखाता रहा है'। बाहुबली शाह के एक रिश्तेदार ने कहा, 'हमें नहीं पता कि वे हमारे साथ अंडरवर्ल्ड के लोगों जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं... इतने सालों के बाद अचानक क्या हो गया?' गुजरात समाचार ९७ साल पुराना है और इसे गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में पढ़ा जाता है। गुजरात समाचार वेबसाइट की औसत दैनिक पाठक संख्या ४६ लाख है, लेकिन जब 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया, तो गुजरात समाचार के 'एक्स' हैंडल को निलंबित कर दिया गया! ईडी का कहना है कि 'शाह से हिरासत में पूछताछ जरूरी है' और बाहुबली शाह के रिश्तेदार कांग्रेस के शब्दों को दोहराते हैं: 'आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है।'

फिलहाल, बाहुबली शांतिलाल शाह को अंतरिम जमानत मिल गयी है और अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाकई एक 'डरे हुए तानाशाह' हैं, तो उनकी मुश्किलें अभी शुरू ही हुई हैं। बहुत से लोगों का मानना है कि जो भी मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठायेगा और 'बीजेपी से समझौता' नहीं करेगा, उसे जेल जाना पड़ेगा। बाहुबली शाह को इस नियति से बचने के लिए नियमित जमानत लेनी होगी। वह मध्य प्रदेश के शाह नहीं, बल्कि गुजरात समाचार शाह हैं!

# अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

– डॉ. अजय पटनायक



**रणनीतिक** साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके।

पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है।

फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य 'मित्रइ देशों के नेताओं को आमंत्रित किया। यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक 'गैर नाजीकरण' रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है। भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरूआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं।

दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि 'अब युद्धों का युग नहीं है'। 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया।

2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं।

आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है। खुद को और अधिक अमेरिकी झटकों से बचाने के लिए भारत व रूस को आपस में तथा अन्य देशों के साथ व्यापार एवं आर्थिक संबंधों का विस्तार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए चीन हाल ही में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने के लिए वियतनाम, कंबोडिया तथा मलेशिया के साथ बातचीत कर रहा है। भारत व रूस को अपने व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना होगा जिसमें भारतीय कंपनियां रूस के तेल व गैस, फार्मास्यूटिकल्स एवं आईटी क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं जबकि रूसी कंपनियां भारत के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये सब अमेरिका का विरोध किए बिना किया जाना चाहिए और इसके लिए चतुराई भरी बातचीत और रणनीति की आवश्यकता है। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से वैश्विक भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और रणनीतिक संदर्भ बदल गए हैं। रूस अब एक बहिष्कृत देश नहीं है जिसे अमेरिका यूक्रेन पर एक सौदा करने के लिए उलझा रहा है। अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते के सिलसिले में चर्चा के लिए मास्को मददगार हो सकता है। रूस के साथ अमेरिका ऊर्जा समझौते भी चाहता है। इस पृष्ठभूमि में पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा। चूंकि भारत अमेरिका का भी करीबी है इसलिए अमेरिका नई दिल्ली को संकेत दे सकता है कि वह रूस के साथ बातचीत से क्या चाहते हैं।

रणनीतिक साझेदारी प्रारूप में इस वर्ष पुतिन की यात्रा न केवल व्यापार और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से बल्कि संघर्ष विराम समझौते के बाद भारत और अन्य ब्रिक्स सदस्यों की संभावित भागीदारी के लिए भी जरूरी है। यूरोपीय शांति रक्षकों के बारे में रूस के विरोध को देखते हुए अन्य देशों के लोग मास्को को स्वीकार्य हो सकते हैं। यहां तक कि राष्ट्रसंघ शांति स्थापना के लिए भारत जैसी तटस्थ शक्तियों की आवश्यकता होगी जो मास्को और कीव दोनों को स्वीकार्य होगा।

हालांकि पुतिन की भारत यात्रा की पुष्टि हो गई है लेकिन तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। व्यापार व टैरिफ मुद्दों एवं युद्ध के बाद शांति प्रयासों के लिए मास्को और नई दिल्ली को रणनीतिक रूप से संलग्न होने की जरूरत होगी जो नेताओं की उच्चतम स्तर पर बैठक द्वारा सबसे अच्छी तरह से पूरा होता है। यह पुतिन की आगामी यात्रा को महत्वपूर्ण बनाता है।

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता

– ललित गर्ग

**सेना** के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं। जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं। देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए। नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती।

# भारत माता की जय के नारों से गूंजा नगर, आतंकवाद के खिलाफ निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा




**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र में देशभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। यह तिरंगा यात्रा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में तथा भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को समर्थन देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यात्रा की शुरूआत ऐतिहासिक शाहनिंदा हनुमान मंदिर से हुई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, छात्र-छात्राएं, समाजसेवी, व्यापारी और आम नागरिक सभी देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर इसमें सम्मिलित हुए। यात्रा के मार्ग में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", और "भारत जिंदाबाद" जैसे जोशीले नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो उठा। मुख्य अतिथि अभिनव सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शहीद पार्क पहुंची, जहां एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय सेना की वीरता और साहस को नमन करते हुए, देशवासियों से अपील की कि वे आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वर में खड़े हों। सभा में बोलते हुए कृष्ण बिहारी राय, विजय शंकर राय, पीयूष राय, आनंद राय और रामजी गिरि ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए कलंक है और जो निर्दोषों का खून बहाते हैं, वे किसी धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना दुश्मनों को करारा जवाब दे रही है और हम सब उनके साथ हैं। सभा में यह भी संकल्प लिया गया कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को किसी भी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर हर भारतवासी एक सैनिक की भूमिका निभाएगा। इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जनसैलाब ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारतवासी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और सेना के हर कदम में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। यह तिरंगा यात्रा केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की एकता, वीरता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन गई।

# वृद्धाश्रम में लापरवाही की परतें उधेड़ीं सचिव ने - ठंडे कूलर, गरम सवाल

**● जिला विधिक सेवा सचिव का औचक निरीक्षण ● भीषण गर्मी में वृद्धों पर दोहरी मार**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विनायकपुर कर्वी के वृद्धाश्रम में उस समय हड़कंप मच गया जब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव श्रीमती वर्णिका शुक्ला ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। यह निरीक्षण उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश में किया गया, जिसमें एक के बाद एक चौंकाने वाली लापरवाहियां उजागर हुईं। सचिव ने जब स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया गया तो उसमें दर्ज सामग्री व वास्तविक उपलब्ध सामग्री में भारी अंतर पाया गया, जिससे घोर अनियमितता की बू आने लगी। वहीं वृद्धाश्रम के पंजी में निरीक्षण की तिथि तक कोई भी प्रविष्टि दर्ज नहीं थी, जो प्रबंधन की घोर उदासीनता को दशार्ता है।



वृद्धाश्रम के रजिस्टर का निरीक्षण करती सचिव श्रीमती वर्णिका शुक्ला

निरीक्षण में पाया गया कि वृद्धाश्रम में लगे दो फ्रीजरों में से केवल एक ही कार्यशील है, जबकि एक पूरी तरह खराब पड़ा था। साथ ही वाटर कूलर भी बंद अवस्था में मिला, जिससे इन भीषण गर्मियों में बुजुर्गों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सचिव ने संस्था प्रबंधक को तत्काल मरम्मत कराने व सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिए। जब सचिव श्रीमती शुक्ला ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं पूछीं तो कुछ संवासियों ने बताया कि उनके पास वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र (सीनियर सिटीजन कार्ड) नहीं हैं और बीमार होने पर इलाज के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं होता। इस पर सचिव ने संबंधित संस्था प्रभारी को निर्देश दिए कि कार्ड की व्यवस्था कराई जाए और स्वास्थ्य आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सचिव ने साफ किया कि वृद्धजनों की उपेक्षा अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि आगे भी ऐसी लापरवाहियां पाई गईं तो जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खादी बोर्ड दे रहा सिलाई, फूड प्रोसेसिंग व ब्यूटी पार्लर में निःशुल्क प्रशिक्षण

**30 मई तक करें आवेदन**

**चित्रकूट।** जिले में आत्मनिर्भरता की राह पर युवाओं को आगे बढ़ाने को एक बड़ा मौका सामने आया है। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना में सिलाई (दर्जी), फूड प्रोसेसिंग और ब्यूटी पार्लर जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क है और इसका लाभ सामान्य वर्ग के साथ-साथ अनुसूचित जाति के युवाओं को विशेष रूप से दिया जाएगा। प्रशिक्षण की श्रेणियों में सामान्य वर्ग के लिए दर्जी, फूड प्रोसेसिंग और ब्यूटी पार्लर में 25-25 सीटें निर्धारित हैं, जबकि अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत दर्जी में 50, फूड प्रोसेसिंग में 25 और ब्यूटी पार्लर में 25 सीटें आरक्षित की गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन सेवाएं के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्शन में 30 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

# दृष्टिहीन नहीं, दिव्यदृष्टा हैं स्वामी रामभद्राचार्य- ज्ञानपीठ सम्मान पर अभय महाजन ने किया अभिनंदन

**संत साहित्य व संस्कृत की हुई जय-जयकार**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारतीय संत परंपरा, साहित्य व संस्कृत साधना के दिव्य प्रतीक जगद्गुरु रामानंदाचार्य तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त होने पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने उनके आश्रम पहुंचकर हार्दिक बधाई दी और आशीर्वाद ग्रहण किया।

ज्ञात हो कि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए स्वामी जी को प्रदान किया गया। इस



स्वामी जी का अभिनंदन करते अभय महाजन

अवसर पर संस्थान के उप महाप्रबंधक डॉ. अनिल जायसवाल भी उपस्थित रहे। महाजन ने कहा कि स्वामी रामभद्राचार्य दृष्टिहीन होते हुए भी अद्वितीय अंतर्दृष्टि के धनी हैं। उन्होंने वेद, उपनिषद और रामकथा की जो गूढ़ व्याख्या की है, वह न केवल भारत बल्कि वैश्विक साहित्य जगत के लिए अनुपम धरोहर है। कहा कि स्वामी जी की संस्कृत निष्ठा, साहित्य सेवा और आध्यात्मिक तपस्या युगों तक पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। उनका जीवन इस बात का साक्षात प्रमाण है कि शारीरिक सीमाएं आत्मा की ऊंचाई को नहीं रोक सकतीं। यह सम्मान न केवल स्वामी जी की साधना को, बल्कि भारतीय संस्कृति और संत परंपरा को विश्वपटल पर गौरवान्वित करने वाला क्षण है।




पीडित परिवार को 20 लाख का चेक देते एसपी

# दिवंगत फायर चालक विजय सिंह के परिवार को मिला 20 लाख का सहायता चेक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के फायर सर्विस विभाग में कार्यरत रहे स्व विजय सिंह की असामयिक मृत्यु के बाद उनके परिवार को आज एक बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा की जीवन बीमा पॉलिसी के तहत 20 लाख रुपये का चेक विजय सिंह की पत्नी बेबी राजा व पुत्री ज्योति सिंह को सौंपा।

उल्लेखनीय है कि विजय सिंह मानिकपुर फायर स्टेशन पर बतौर चालक तैनात थे और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे थे। लेकिन 14 जनवरी 2025 को बीमारी के चलते इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनकी इस असामयिक मृत्यु से विभाग समेत पूरा क्षेत्र शोकाकुल रहा। आज आयोजित इस संवेदनशील अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि विजय सिंह की सेवाएं विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी और उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस दौरान पीआरओ प्रदीप पाल, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार, आरबीडीएम मनोज कुमार जांगिड़ एवं शाखा प्रबंधक राकेश मिश्रा भी मौजूद रहे।

# दलित बस्ती में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने की चौपाल

**● संगठन सृजन का लिया संकल्प**
**● अब हर गली में गूंजेगा हाथ का नारा**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि बुधवार को चित्रकूट जिले के खरसेड़ा गांव की दलित बस्ती में गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में किया गया। बस्ती में पूर्व प्रधान राम कृपाल के आवास पर इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने सर्वप्रथम राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

चौपाल को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने अल्प कार्यकाल में ही देश को तकनीकी व लोकतांत्रिक मजबूती की राह पर आगे बढ़ाया। संचार क्रांति, 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार, और पंचायती राज जैसे ऐतिहासिक फैसले उनकी दूरदृष्टि के प्रमाण हैं। बताया कि कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान



खरसेड़ा की चौपाल में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी

राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशन पर गांव-गांव चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पार्टी को ग्राम और मंडल स्तर पर पुनः संगठित और मजबूत बनाना है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का सशक्त होना अनिवार्य है। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य रंजना बराती ने कहा कि राजीव गांधी ने गरीब, मजदूर और नौजवानों के हित में कई योजनाएं चलाईं। पंचायतों में भागीदारी सुनिश्चित कर लोकतंत्र को गांव तक पहुंचाया। वहीं पूर्व प्रधान रामकृपाल ने कहा कि राजीव गांधी जैसे नेता ने दलितों और वंचितों के लिए जो कार्य किए, वे ऐतिहासिक हैं। हमें उनके कामों को जन-जन तक पहुंचाना है। चौपाल में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकताओं व ग्रामीणों ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि को अवसर मानते हुए यह संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी को गांव-गांव में मजबूत करेंगे। इस मौके पर अवधेश करवरिया, विजय मणि त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, राजेश राम, भवन पप्पू, मातादीन, रामबाबू, छोटेलाल, जयचंद्र, राजवती, मीरा देवी, सीमा, माया देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# संस्कृत शिक्षकों का मुख्यमंत्री को धन्यवाद मानदेय वृद्धि पर जताई खुशी

**संस्कृत शिक्षा के स्वर्णकाल की शुरूआत**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** संस्कृत की समृद्ध विरासत और संस्कृति के संरक्षण में लगे जनपद के मानदेय संस्कृत शिक्षकों ने मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने वेतन वृद्धि के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल आर्थिक राहत है, बल्कि संस्कृत शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।



ज्ञापन के माध्यम से धन्यवाद देते शिक्षक

शिक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की मानदेय आधार पर नियुक्ति की गई थी। यह कदम संस्कृत के उत्थान और संस्कृति के संवर्धन की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुआ। हाल ही में जारी शासनादेश के माध्यम से जब शिक्षकों के मानदेय में विधिवत वृद्धि की गई, तो इससे पूरे प्रदेश में कार्यरत संस्कृत शिक्षकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिक्षकों ने इसे संस्कृत शिक्षा के स्वर्णकाल की शुरूआत करार देते हुए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अजय कुमार शुक्ला, विमल कुमार शुक्ल, जगतनारायण द्विवेदी, रूचि पांडेय, रामदत्त पांडेय, महेन्द्र नाथ मिश्र, दिवाकर प्रसाद, उपासना देवी, प्रमावती देवी, शांति सागर, इन्द्रदेव पांडेय सहित बड़ी संख्या में मानदेय शिक्षक मौजूद रहे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्रों को मिला डिजिटल उड़ान का पंख



टेबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे

**330 में से 230 छात्रों को मिले टेबलेट**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शिक्षा को डिजिटल दिशा देने की राज्य सरकार की पहल का लाभ अब चित्रकूट जनपद के छात्र भी उठा रहे हैं। मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ व मानिकपुर के कुल 330 नवप्रवेशित छात्रों में से 230 विद्यार्थियों को अत्याधुनिक टेबलेट वितरित किए गए, जिससे उनके शैक्षणिक जीवन को एक नई रफ्तार मिलने जा रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में 226 प्रवेशी छात्रों में से 157 को और मानिकपुर में 217 में से 173 छात्रों को टेबलेट प्रदान किए गए। शेष छात्रों को द्वितीय चरण में टेबलेट दिए जाएंगे, जिनका ई-केवाईसी वेरिफिकेशन या अन्य औपचारिकताएं शेष हैं।

प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि छात्रों के लिए संस्थान में निःशुल्क वाई-फाई की व्यवस्था है, जिससे वे टेबलेट के माध्यम से वीडियो लेक्चर, डिजिटल नोट्स और तकनीकी ज्ञान आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। बताया कि यह टेबलेट विद्यार्थियों के लिए सिर्फ एक उपकरण नहीं, बल्कि ज्ञान की दुनिया में प्रवेश का पासपोर्ट है।

# पियरिया कला-जहाँ कार्रवाई मौन है पर सवाल बे-आवाज नहीं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के पियरिया कला विद्यालय में उजागर हुआ भ्रष्टाचार न केवल शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है, बल्कि प्रशासन की नीयत पर भी गंभीर प्रश्न उठाता है। आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ अन्य विद्यालयों में मामूली लापरवाही पर भी शिक्षकों का वेतन रोका गया, प्रधानाचार्य निलंबित हुए, वहाँ पियरिया कला जैसे बड़े मामले में केवल एक नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर ली गई।

विद्यालय में 150 से अधिक बच्चे नामांकित हैं। ग्रामीणों ने खुले शब्दों में आरोप लगाया कि यहां सारा खेल उच्च अधिकारियों की

**प्रधानाचार्य को नोटिस जारी**

मिलीभगत से चल रहा है। जब प्रधानाचार्य से पूछा गया कि पूरा पैसा खुद के खाते में क्यों लिया गया, तो बडे आत्म विश्वास के साथ तर्क दिया कि सामग्री खरीदने में सहूलियत थी। वहीं एबीएसए एनपी सिंह ने बताया कि 31 मार्च तक पैसा न निकाला जाता तो वह लैप्स हो जाता। दोनों बयानों में विरोधाभास स्पष्ट है, जिससे शक की सुई और तेज हो जाती है। तो सवाल है- जब अन्य विद्यालयों में त्वरित कार्रवाई हो सकती है, तो पियरिया कला में क्यों नहीं? क्या इस चुप्पी के पीछे कोई हिस्सा है? क्या बाकी स्कूलों में हुई कार्रवाई केवल दिखावे की कवायद थी ताकि ऊपर दिखे कि प्रशासन सजग है, पर असल में भ्रष्टाचार पर पर्दा डाला जा सके? सच्चाई यही है कि पियरिया कला में न केवल बच्चों का हक छीना जा रहा है, बल्कि सिस्टम की चुप्पी से यह सिद्ध होता है कि दाल में बहुत कुछ काला हैं। जब आरोपी से ही सफाई ली जा रही हो, तो इंसाफ की उम्मीद खुद बेमानी हो जाती है। अब सवाल ये नहीं कि कार्रवाई क्यों नहीं हुई- सवाल ये है कि किसे बचाया जा रहा है? क्योंकि प्रधानाचार्य पूरे विश्वास में थे कि कुछ नही होगा और शायद एक नोटिस के साथ कुछ वैसी ही खानापूर्ति हुई?

# सफलता के मंत्र से गूंजा ग्रामोदय विश्वविद्यालय विद्यार्थियों ने पाया प्रेरणा का संबल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसीएल डीपी सभागार में मंगलवार को कुछ अलग ही माहौल था। मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश पर सफलता के मंत्र कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जैसे ही प्रारंभ हुआ, सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रेरणादायक उद्बोधन और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन ने विद्यार्थियों को सफलता के वास्तविक सूत्रों से अवगत कराया।

कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और



सफलता के मंत्र कार्यक्रम पर बैठे वीसी

कर्मचारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता की। कुलपति प्रो. मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संघ लोक सेवा आयोग, दिल्ली के चयनित मध्यप्रदेश के अभ्यर्थियों के अनुभवों से सीख लेने की अपील की। कहा कि यह कार्यक्रम न केवल एक संवाद था, बल्कि भविष्य की तैयारी की दिशा में एक ठोस कदम भी है। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस पहल को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरक बताया। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम से मिले मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए इसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को 4 साल की सजा

**साथ ही 10 हजार का जुर्माना**

**चित्रकूट।** जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश में मऊ थाना क्षेत्र में दर्ज एक महत्वपूर्ण मामले में सशक्त पैरवी करते हुए आरोपी को न्यायालय से कड़ी सजा दिलाई गई है। थाना मऊ में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 153/2020, धारा 363 भादवि में आरोपी झल्लर पुत्र दुखी निवासी अर्जुनपुर खण्डेहा, मऊ को दोषी ठहराते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने चार वर्ष के साधारण कारावास और 10,000 रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पूरे मामले में पुलिस की सतर्कता व न्यायालय में प्रभावशाली बहस ने निर्णायक भूमिका निभाई। प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गाविजय सिंह, पैरोकार आरक्षी धनेश मिश्रा और मॉनिटरिंग सेल की टीम ने अदालती कार्रवाई में सक्रिय योगदान दिया। घटना में 25 जुलाई 2020 को वादी ने मऊ थाने में शिकायत दी थी कि आरोपी झल्लर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर मुकदमा दर्ज कर तत्कालीन दारोगा अवधेश कुमार शुक्ला ने जांच शुरू की और 20 दिसंबर 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था।

# सिंध में बवाल, विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर चला 'पुलिस का डंडा', एक शख्स की मौत

**सिंध। पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में नहर विरोधी प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज और कथित तौर पर गोलीबारी किए जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। सिंध के नौशहरो फिरोज जिले के मोरो शहर में प्रस्तावित नहर निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने मोटरवे बाईपास सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए।

पुलिस ने यातायात बहाल करने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर बल का इस्तेमाल किया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान गोली चली, जिससे प्रदर्शन और अधिक उग्र हो गया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और स्थानीय प्रशासन हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।



एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, सिंधी राष्ट्रवादी संगठन 'सिंध सभा' ने हैदराबाद प्रेस क्लब के पास एक बैठक रखी थी लेकिन भारी सुरक्षा और सड़कों पर लगे बैरिकेड्स की वजह से यह बैठक नहीं हो सकी।

पुलिस ने कई लोगों को पकड़ा और सिंध सभा के कुछ नेताओं को कॉन्फ्रेंस हॉल में ही रोक लिया गया। बाद में संगठन ने बताया कि वकीलों की एक टीम ने बीच में आकर मदद की और उनके नेताओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

सिंध सभा काफी समय से सिंधी राष्ट्रवादी कार्यकताओं के जबरन गायब होने के खिलाफ आवाज उठा रही है। यह सम्मेलन "आइए मिलकर अपनी धरती सिंध को बचाने के लिए कदम उठाएं" विषय पर आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम का मकसद शरीफ सरकार द्वारा सिंध के प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के खिलाफ मिलकर कोई योजना बनाना था। इसके लिए अलग-अलग राष्ट्रवादी पार्टियों को एक जगह इकट्ठा किया गया था।

स्थानीय मीडिया डॉन के मुताबिक, अशफाक मलिक के नेतृत्व में सिंध सभा पार्टी के करीब पचास कार्यकताओं ने सड़क जाम किया। वे कॉरपोरेट खेती और चोलिस्तान परियोजना के तहत नहरें बनाने का विरोध कर रहे थे।

15 फरवरी को शुरू की गई चोलिस्तान सिंचाई योजना से सिंध में लोग नाराज हैं। वहां के लोगों को डर है कि इस योजना के तहत सिंधु नदी का कीमती पानी मोड़कर दक्षिण पंजाब की खेती के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

# यूक्रेन के साथ आगे बातचीत को तैयार : रूस

**मॉस्को। रूस** ने कहा है कि वह यूक्रेन के साथ आगे की बातचीत के लिए तैयार है और संभावित शांति समझौते को लेकर एक ज्ञापन (मेमोरेंडम) पर काम करने का प्रस्ताव देगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



जखारोवा ने कहा कि रूस ने एक बार फिर "संकट का अंतिम और न्यायपूर्ण समाधान" प्राप्त करने की अपनी इच्छा को दोहराया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के समाधान की दिशा में कोई भी प्रगति तभी संभव है जब उसके मूल कारणों को संबोधित किया जाए।

प्रवक्ता ने कहा कि समझौते की मुख्य शर्तों, संभावित शांति समझौते की समय-सीमा और यदि कोई सहमति बनती है, तो युद्धविराम से जुड़ी शर्तों सहित कई पहलुओं पर सहमति आवश्यक है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भी मंगलवार को कहा कि मॉस्को और कीव को संयुक्त ज्ञापन के विकास को लेकर बातचीत की तैयारी करनी चाहिए, जिसमें शांति समझौता और युद्धविराम की संभावनाएं शामिल हों। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच फिर से शुरू हुई बातचीत का स्वागत किया और कहा कि इस ज्ञापन को पूरा करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

इससे एक दिन पहले, सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच यूक्रेन संकट और हाल ही में इस्तांबुल में हुई रूस-यूक्रेन वार्ता पर टेलीफोन पर चर्चा हुई।

इस बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच "युद्धविराम वार्ता तुरंत शुरू होगी"। उन्होंने अपनी दो घंटे की बातचीत को "बहुत सकारात्मक और अच्छे माहौल में" हुआ बताया।

बातचीत के तुरंत बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन तुरंत युद्धविराम की दिशा में बातचीत शुरू करेंगे और संघर्ष को समाप्त करने के लिए काम करेंगे।

ट्रंप ने यह भी कहा कि रूस अमेरिका के साथ बड़े व्यापारिक समझौते करना चाहता है, बशर्ते यह युद्ध समाप्त हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्धविराम की शर्तें रूस और यूक्रेन के बीच ही तय होंगी, क्योंकि वही इस संघर्ष की बारीकियों से भली-भांति अवगत हैं।

## शी चिनफिंग ने मध्य चीन के हनान प्रांत का निरीक्षण किया

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में मध्य चीन के हनान प्रांत के निरीक्षण में बल दिया कि नए युग और नए अभियान में हनान को आधुनिक व्यवसायों की व्यवस्था और शक्तिशाली कृषि प्रांत के निर्माण, जनजीवन के सुधार तथा सामाजिक प्रबंधन की मजबूती, पर्यावरण संरक्षण की मजबूती और सांस्कृतिक समृद्धि के संवर्धन पर खास जोर लगाना और गुणवत्ता विकास तथा कुशल प्रबंधन से मध्य चीन में चीनी आधुनिकीकरण बढ़ाने का नया अध्याय जोड़ना चाहिए।

19 मई से 20 मई तक शी चिनफिंग ने स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार लुओयांग और चंगचो शहर का दौरा किया। 19 मई की दोपहर के बाद शी चिनफिंग ने लुओयांग बियरिंग ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी का दौरा किया। उन्होंने इस कंपनी के इतिहास और विभिन्न उत्पादों का परिचय सुना और उत्पादन लाइन देखी। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि विनिर्माण राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। चीनी आधुनिकीकरण बढ़ाने में विनिर्माण उद्योग की बढ़त और समुचित अनुपात बनाए रखना आवश्यक है। इसके बाद उन्होंने करीब दो हजार वर्ष पुराने श्वेत अश्व मंदिर का दौरा किया।

# अफगानिस्तान से अमेरिका की शर्मनाक वापसी की समीक्षा करेगा पेंटागन

**वाशिंगटन। अमेरिका** के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन को साल 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की 'असफल और शर्मनाक वापसी' की व्यापक समीक्षा शुरू करने का निर्देश दिया है। इस वापसी से अफगानिस्तान में लगभग 20 वर्षों की अमेरिकी सैन्य उपस्थिति समाप्त हो गई थी और इसे तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने अगस्त 2021 में किया था। एक मेमोरेंडम में बताया गया, "26 अगस्त, 2021 को बाइडन प्रशासन ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य और दूतावास अधिकारियों की वापसी का नेतृत्व किया, जिसके कारण काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एबे गेट पर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 नागरिकों की मौत हो गई।"

उन्होंने कहा, "यह कदम अमेरिकी लोगों और सैनिकों के बीच विश्वास बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, इस वापसी के दौरान हुए हताहतों और उपकरणों के नुकसान को देखते हुए भी उचित है।"

हेगसेथ ने कहा कि रक्षा विभाग का कर्तव्य है कि वह इस ऑपरेशन की जांच करे, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन का अमेरिकी लोगों और अफगानिस्तान में लड़े सैनिकों के प्रति सच्चाई सामने लाने का दायित्व है। उन्होंने बयान में कहा, "तीन साल पहले बाइडन प्रशासन की अफगानिस्तान से असफल और शर्मनाक वापसी के कारण काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती बम विस्फोट में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 नागरिकों की मौत हुई। राष्ट्रपति ट्रंप ने



इस सैन्य वापसी के लिए जवाबदेही का वादा किया था और मैं उस वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।"

अमेरिकी रक्षा सचिव ने पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता और वरिष्ठ सलाहकार सीन पार्नेल को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य वापसी की विशेष समीक्षा पैनल का नेतृत्व करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, "सीन पार्नेल ने अफगानिस्तान में 485 दिन सेवा की। वह युद्ध में घायल हुए और उनकी प्लाटून के 85 प्रतिशत सदस्य भी घायल हुए और आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में अनगिनत दोस्तों को खो दिया। यह उचित है कि वह बाइडन प्रशासन के दौरान यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा की गई एबे गेट जांच की पुनः जांच का नेतृत्व करेंगे।"

रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने यह भी बताया कि लेफ्टिनेंट कर्नल स्टुअर्ट शेलर एक सम्मानित मरीन अधिकारी हैं, जिन्होंने अफगानिस्तान से वापसी के बारे में खुलकर बात की और जेरी डनलेवी ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की अफगानिस्तान वापसी की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, वो भी इस विशेष समीक्षा पैनल में शामिल होंगे।

# दक्षिण कोरिया: कथित चुनावी धोखाधड़ी पर बनी फिल्म की स्क्रीनिंग में भाग लेने के लिए ली ने पूर्व राष्ट्रपति यून को घेरा

**सियोल। दक्षिण** कोरिया की डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार उम्मीदवार ली जे- म्यांग ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति यूं सुक येओल पर निशाना साधा। उन्होंने यूं सुक येओल की कथित चुनाव धोखाधड़ी पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग में भाग लेने के लिए आलोचना की।



यून को मार्शल लॉ के असफल प्रयास के कारण पद से हटा गया था। यून का कहना है कि चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप उन कारणों में एक था जिसकी वजह से उन्होंने मार्शल लॉ का आदेश घोषित किया था। फिलहाल यून विद्रोह के आरोप पर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

यून ने पिछले सप्ताह रूढ़िवादी पीपल पावर पार्टी (पीपीपी) छोड़ दी थी। विद्रोह के मुकदमे में उपस्थिति को छोड़कर 4 अप्रैल को पद से हटाए जाने के बाद यून पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखे थे। राष्ट्रपति चुनाव में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है।

डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के नेता ली जे-म्यांग ने इंचियोन में एक अभियान रैली के दौरान संवाददाताओं से कहा कि, क्या उन्होंने धोखाधड़ी के माध्यम से अपना चुनाव नहीं जीता था।

ली ने कहा, "यदि वह चुनाव प्रणाली में खामी का दावा करते हैं तो फिर अपनी जीत के बारे में क्या कहेंगे?" ली 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में यून से बहुत कम अंतर से हार गए थे।

यून से दूरी बनाने के सवाल पर ली ने कहा, "16 फरवरी को मैंने कहा था कि पीपीपी 100 दिनों के भीतर यून को बाहर करेगी और ऐसा ही हुआ। पार्टी और यून के बीच दिख रही दूरी जनता के लिए दिखावा है।

# चीनी आधुनिकीकरण में विनिर्माण उद्योग का अच्छा विकास होना चाहिए : शी चिनफिंग

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हेनान प्रांत की लुओयांग बियरिंग कंपनी का दौरा किया। कंपनी के स्मार्ट कारखाने जाकर उन्होंने विभिन्न प्रकार के बियरिंग उत्पादों के प्रदर्शन और उपयोगों के बारे में जानकारी ली, स्मार्ट उत्पादन लाइन का निरीक्षण किया और कंपनी के कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हम उद्योग के विकास पर कायम रहते हैं। अतीत में, माचिस, साबुन और लोहा जैसी चीजें बाहर से खरीदने पर निर्भर थीं और अब चीन सबसे



पूर्ण औद्योगिक श्रेणियों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण देश बन गया है। यह सही रास्ता है। हमें विनिर्माण उद्योग में सुधार जारी रखना चाहिए, आत्मनिर्भरता पर जोर देना चाहिए, प्रमुख कोर प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करनी चाहिए, उत्पादन, शिक्षा और अनुसंधान के एकीकरण को बढ़ावा देना चाहिए।

# कोलंबिया के राष्ट्रपति के साथ सीएमजी का विशेष साक्षात्कार

**बीजिंग। हाल** ही में पेइचिंग में चीन-लैटिन अमेरिका मंच का चौथा मंत्री स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस मंच में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा की। इस दौरान उन्होंने चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) को एक विशेष साक्षात्कार दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी चीन की यात्रा करता है, वह चीनी उत्पादन शक्ति का विशाल विकास देख सकता है। इसने सचमुच युगांतर प्रगति हासिल की है। चीन के अभ्यास ने मानव समाज के विकास का नया मॉडल दिखाया है।

उन्होंने कहा कि चीन ने आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन में विश्वविख्यात उपलब्धियां प्राप्त की हैं। करोड़ों लोगों को गरीबी से छुटकारा मिला है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन कार्य में प्राप्त भारी प्रगति चीन के असाधारण योगदान से अलग नहीं हो सकती।

उल्लेखनीय बात है कि वर्तमान विश्व की वैज्ञानिक व तकनीकी अग्रिम पंक्ति में चीन ने अपनी जगह बनाई है। चीन एआई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा को जोड़ सकता है। इससे हम शायद एक पूरी तरह नए समाज में प्रवेश करेंगे। पेइचिंग में हुए मंच की चर्चा में उन्होंने कहा कि यह मंच एक कुंजीभूत ऐतिहासिक समय में हुआ है, क्योंकि वर्तमान में बहुपक्षवाद की मजबूती की आवश्यकता है। कुछ देश शायद सोचते हैं कि वे ललकारने या बल के आडंबर से विश्व पर शासन कर सकते हैं। लेकिन, चीन और लैटिन अमेरिका एक साथ खड़े हैं। हमें उनको समझाना है कि मानव के इतिहास में कई सबक भरे हैं।

# सिर्फ पैसे खर्च करने से नहीं हो जाएगा जर्मनी का विकास

**जर्मनी**

**जर्मनी** के पास फिलहाल बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए बजट है. हालांकि बजट के खर्च को लेकर लोग चाहते हैं कि बुनियादी ढांचे के उस हिस्से पर सबसे पहले काम हो, जिसे बेहतर बनाए जाने की सबसे ज्यादा जरूरत है.



जर्मनी में बुनियादी ढांचे का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है. कुछ लोग इसे लेकर उत्साहित हैं और कुछ अब भी संशय में हैं. बर्लिन में एक्सप्रेस वे (ऑटोबान) पर बने एक अहम पुल को फिर बनाने के लिए तोड़ा जा रहा है. इसे तोड़ते मजदूरों को देख 65 साल के गुइडो कहते हैं, "ये काम काफी तेजी से हुआ. हमें अपने प्रोजेक्टों के समय से पूरा हो जाने की आदत नहीं है.

यह विशाल पुल जर्मन राजधानी बर्लिन की एक अहम रिंग रोड का हिस्सा है. इसे साल 1963 में बनाया गया था और इसके कंक्रीट और स्टील के ढांचे में दशकों पहले ही एक दरार आ गई थी. लेकिन यह बहुत खतरनाक नहीं थी तो अभी तक काम चलाया जा रहा था. हाल ही में जब ये दरार चौड़ी हो गई और खतरा बढ़ा तो मार्च में इसे गिराने का काम शुरू किया गया. और अब यह मलबे में बदल रहा है. कैसे पूरा हो दशकों से बाकी काम

पुल ध्वस्त किए जाने का घटनाक्रम हजारों लोगों ने एक इंटरनेट लाइव पर भी देखा. यह एक अहम घटना है क्योंकि इसके साथ ही जर्मनी में सैकड़ों यूरो के पुनर्निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है. हालांकि लोग मानते हैं कि इसे पहले ही हो जाना चाहिए था. यह पुल दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद एक बड़ी समस्या का भी प्रतीक कहा जा सकता है. यह समस्या है, दशकों से खराब पड़े जर्मनी के बुनियादी ढांचे का बकाया काम, जिसे अब सैकड़ों अरब यूरो खर्च कर सुधारा जाना है. जर्मनी की हजारों सड़कों और पुलों का जीवनकाल पूरा हो चुका है. इनमें से कई तो 1960 या 1970 के दशक में बने थे. इन सड़कों और पुलों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए कई वर्षों से बहुत कम खर्च किया गया था क्योंकि सरकारें किसी बड़े खर्च से बचती रहीं. जर्मनी के नए चांसलर फ्रीडरिष मैर्त्स ने वादा किया है कि वो यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का चेहरा बदलेंगे. इसके तहत जर्मनी में नए रेलवे ट्रैक, स्कूली भवन बनाए जाएंगे और टेलिकॉम लाइनें बिछाई जाएंगी. देश की कमान संभालने से पहले ही मैर्त्स के गठबंधन ने पुरानी सरकार से 500 अरब यूरो का भारी-भरकम इंफ्रास्ट्रक्चर फंड पास करवा लिया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# चांद पर परमाणु बिजलीघर बनाएंगे चीन और रूस

**चीन**

**रूस** और चीन, 2035 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक न्यूक्लियर पावर स्टेशन बनाने जा रहे हैं. प्रोजेक्ट में पाकिस्तान भी शामिल है.

चीन और रूस ने मिलकर 2035 तक चांद पर एक स्वचालित परमाणु ऊर्जा स्टेशन तैयार करने की योजना बनाई है. इस प्रोजेक्ट के लिए इसी हफ्ते रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकॉस्मोस और चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के बीच एक सहयोग समझौते पर दस्तखत हुए हैं.

यह बिजलीघर, चांद पर बनाए जाने वाले प्रस्तावित इंटरनेशल लूनर रिसर्च स्टेशन का हिस्सा होगा. इसका मकसद लंबी अवधि तक चांद पर खोज और वैज्ञानिक रिसर्च को ऊर्जा मुहैया कराना है.ILRS प्रोजेक्ट को अमेरिका की अगुवाई वाले आर्टेमिस प्रोग्राम की टक्कर के रूप में देखा जा रहा है. आर्टेमिस मिशन के तहत 2027 से चांद की कक्षा में गेटवे नाम का एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना है. इसमें नासा के साथ यूरोपीय और भारतीय स्पेस एजेंसी समेत कुल 55 देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां शामिल हैं.

क्या है इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन?

ILRS प्रोजेक्ट के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के 100 किलोमीटर के दायरे में एक वैज्ञानिक रिसर्च अड्डा स्थापित किया जाएगा. इस रिसर्च सेंटर के जरिए लंबी और अल्प अवधि की रिसर्च में मदद मिलेगी. रिसर्च केंद्र का इस्तेमाल मानव मिशन कर सकेंगे. केंद्र में लंबे समय तक स्वचालित तरीके से भी काम जारी रहेगा. रूसी अंतरिक्ष एंजेसी रोसकॉस्मोस के बयान के मुताबिक, "स्टेशन, आधारभूत अंतरिक्ष अनुसंधान करेगा और क्छफ्र में लंबे समय तक बिना किसी इंसान के ऑपरेशनों की तकनीक टेस्ट करेगा. इसका मकसद चांद पर इंसान की उपस्थिति के लिहाज से होगा."

2017 में पहली बार क्छफ्र का एलान किया गया. प्रोजेक्ट में पाकिस्तान, वेनेजुएला, बेलारूस, अजरबैजान, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, निकारागुआ, थाइलैंड, सर्बिया, सेनेगल और कजाखस्तान जैसे देश भी शामिल हैं.

चीन, 50 और देशों और 500 अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थानों को भी प्रोजेक्ट में शामिल होने का न्योता देगा. इस दौरान 5,000 विदेशी रिसर्चरों को भी आमंत्रित किया जाएगा. यह दावा 2024 में चीन के लूनर एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम के चीफ डिजायनर वू वाइरेन ने किया था.

ILRS को भले ही वैज्ञानिक अनुसंधान का केंद्र कहा जा रहा हो, लेकिन चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों पर कई देशों की नजर है. अब तक की खोजों से यह पता चल चुका है कि चांद पर बेशकीमत मेटल ऑक्साइड्स, रेगलिथ (चांद की मिट्टी), रेयर अर्थ धातुएं और शायद बड़ी मात्रा में हीलियम-3 मौजूद है. हीलियम-3 को न्यूक्लियर फ्यूजन ऊर्जा का संभावित ईंधन माना जाता है.

चंद्रमा पर किसका अधिकार होगा और ये कैसे तय किया जाएगा, इसे लेकर कानूनी विशेषज्ञों में बहस जारी है.

क्या अंतरिक्ष अनुसंधानों का सरताज बनेगा चीन?

क्छफ्र प्रोजेक्ट के जरिए चीन, अंतरिक्ष अनुसंधानों और उनसे जुड़ी वैज्ञानिक रिसर्च में लीडर बनाना चाहता है. बीजिंग का चांगे-8 मिशन इसी राह में पहला बड़ा कदम है. 2028 में होने वाले इस मिशन के जरिए चीन, पहली बार अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की सतह पर उतारेगा.



चीन के मानवरहित रोवर 2013 से ही चंद्रमा में उतर रहे हैं. इन रोवरों के जरिए चीन चंद्रमा की सतह का मैप बना रहा है. बीजिंग के रोवर चांद के उस स्याह हिस्से में को भी टटोल रहे हैं, जो पृथ्वी से कभी नहीं दिखाई पड़ता है.

जून 2024 में चीन, चंद्रमा के उस हिस्से से चट्टानों का सैंपल लाने वाला पहला देश बना. उस कामयाबी के बाद चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लिखा, "इंसान के चंद्रमा अभियानों के इतिहास में एक अभूतपूर्व कदम।